तापमान
अधिकतम 35.8 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 1 मार्च 2025

12 पाटन में भाजपा को मिला सात सदस्यों का समर्थन



12 वार्डवासियों ने किया शांति यज्ञ, 11 जोड़ों ने लिया अनुष्ठान में हिस्सा








## खबर संक्षेप

### बेजुबान पर क्रुरता, पत्थर से मारने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** बेजुबान बछड़ा पर क्रुरतापूर्वक पत्थर से मारने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 325 बीएनएस, 10 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने वार्ड 9 भारत माता चौक कृष्णा नगर सुपेला निवासी प्रदीप कुमार अपने घर में गाय बछड़ा का पालन पोषण करता है। 25 फरवरी को सुपेला निवासी सेतु टंडन 28 वर्ष के घर गाय का बछड़ा चला गया। जिसे भगाने के लिए युवक ने एक पत्थर से मार दिया। इस दौरान गाय का बछड़े की मौके पर मौत हो गई। शिकायत के बाद पुलिस ने जांच कर युवक सेतु टंडन को गिरफ्तार किया। युवक ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

### मकान में सेंधमारी, एक आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** मकान में सेंधमारी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 331(4),305 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि क्वार्टर नंबर 9 सड़क 22 सेक्टर 2 निवासी शेख अजहर परिवार समेत निजी काम से गरियाबंद गये हुए थे। 26 फरवरी को वापस लौटने पर पीछे कमरे का दरवाजा का ताला टूटा पड़ा मिला। मकान के भीतर के अलमारी का लॉकर तोड़कर कई सामान गायब मिले। पुलिस में शिकायत के बाद आरोपी की तलाश में जुटी रही। पुलिस ने सूचना पर सेक्टर क्षेत्र से दो संदिग्ध किस्म के युवकों को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर संजय नगर सुपेला निवासी समीत डहरे होना बताया है। युवक ने चोरी के सामनों को सेक्टर 6 झाड़ियां में छुपाकर रखना स्वीकार किया। घटना में एक अपचारी बालक के शामिल होने की बात बताया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जाता है है। कार्रवाई में भठ्ठी थाना प्रभारी राजेश साहू समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

भिलाई निगम आयुक्त की कड़ी कार्रवाई

# टारगेट के अनुरूप टैक्स वसूली नहीं रांची की ठेका एजेंसी से 34 लाख राजसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई निगम ने टैक्स वसूली को लेकर सख्त रवैया अपनाया है। ऐसा पहली बार हुआ है कि टारगेट के अनुरूप टैक्स वसूली नहीं करने की स्थिति में कमीशन की राशि राजसात कर ली हो। ठेका एजेंसी मेसर्स पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स प्राइवेट लिमिटेड रांची की कमीशन की जमा राशि में से 34 लाख रुपए राजसात कर ली गई। निगम प्रशासन ने अनुबंध के मुताबिक सालाना टारगेट से 90 प्रतिशत वसूली करना ठेका एजेंसी के लिए अनिवार्य है।

### चार बार नोटिस लेकिन वसूली पीछे

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर संबंधित एजेंसी को लक्ष्य के अनुरूप राजस्व करों की वसूली सुनिश्चित करने निगम द्वारा समय-समय पर 4 बार पत्र जारी किया गया। साथ ही राजस्व वसूली समीक्षा बैठकों के दौरान भी लक्ष्य के अनुरूप 90 प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। किन्तु संबंधित अधिकृत एजेंसी लक्ष्य के अनुरूप राजस्व करों की वसूली करने में असफल रही है।

### 90 प्रतिशत वसूली का है ठेका कंपनी को टारगेट



### 33 लाख 71 हजार रुपए राजसात

आयुक्त पांडेय ने बताया कि अधिकृत एजेंसी मेसर्स पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स प्रा.लि. (रॉची) द्वारा एग्रीमेंट 21 दिसंबर 2022 के आर्टिकल 7 की कंडिका 2.6 की पूर्ति नहीं की गई है। निगम भिलाई द्वारा 10 प्रतिशत होल्ड की गई कुल राशि 33,71,372 को एतद् द्वारा राजसात कर दिया गया है। नगर निगम भिलाई द्वारा सभी नागरिकों से अपील की कि अपने देय करों का का भुगतान समय अवधि में कर देवे। जमा नहीं करने पर निगम अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए, संपत्ति को कुर्की करने की भी कार्रवाई की जाएगी।

### डोर टू डोर कर वसूली का है टारगेट

भिलाई निगम ने कर वसूली के लिए मेसर्स पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स प्रा.लि. (रॉची) को अधिकृत किया गया है। डोर-टू-डोर संपत्तिकर, समेकितकर, जलकर, भू भाटक विज्ञापन कर, यूजर चार्ज इत्यादि करों की वसूली हेतु नगर निगम भिलाई के साथ संबंधित एजेंसी से अनुबंध किया। 21 दिसंबर .2022 को अनुबंध निष्पादित किया। एजेंसी को अनुबंध के नियम शर्तो के तहत करो की वसूली 30 दिसंबर2022 को जारी की गई है। एजेंसी द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 तक राजस्व करों की वसूल की गई राशि के लिए कमीशन राशि 5.6 प्रतिशत दी गई।

भूसी की कमी से धान की नहीं हो रही अनलोडिंग

# सेलूद संग्रहण केंद्र में लोड ट्रकों की लंबी कतारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई/ सेलूद



▪ जिसने लिया ठेका, वह नहीं कर पा रहा सप्लाई

धान संग्रहण केन्द्र सेलूद के बाहर इन दिनों वाहनों की लंबी कतारों ने ग्रामीणों को परेशान कर दिया है। उतई-पाटन मुख्य मार्ग होने की वजह से यातायात जाम की समस्या बन रही है। वहीं हफ्तेभर से ज्यादा समय तक गाड़ी खड़े रहने से ट्रांसपोर्टर्स भी खासे परेशान हैं। बता दें कि सेलूद संग्रहण केंद्र में दुर्ग के अलावा बालोद, बेमेतरा और कवर्धा से धान की खेप पहुंच रही है।

इस धान को फड़ में रखने के लिए भूसी की जरूरत होती है। ताकि भूसी को बोरियों में भरकर धान की बोरियों में जमीन में रखने के बजाए भूसी की बोरी को रखा जाए, इसके बाद धान की बोरिया रखी जाए। एक गाड़ी भूसी में करीब 6 से 7 फड़ तैयार किए जाते हैं। भूसी सप्लाई के लिए संग्रहण केंद्र ने एजेंसी तय कर रखी है, लेकिन भूसी की सप्लाई ही नहीं हो पा रही है। मिल से ही भूसी संग्रहण केंद्र नहीं पहुंच रही है। भूसी नहीं होने की वजह से धान से भरे वाहनों को केंद्र के अंदर और बाहर खड़ा रखा जा रहा है। बारी के इंतजार में कई वाहन मैदान में खड़े हैं। ट्रक ड्राइवर व मालिकों ने बताया कि हम लोगों ने धान खरीदी केन्द्रों से रविवार से आकर यह धान खाली कराने अपने बारी का इंतजार कर रहे हैं। कुछ गाडियां प्रतिदिन खाली होती हैं, लेकिन गाडियों की संख्या अधिक होने और स्टेकिग के लिए भूसी की व्यवस्था पर्याप्त नहीं होने के कारण गाडियां अपने बारी के इंतजार में कई कई दिनों तक मैदान में खड़ी हुई हैं। सेलूद के धान संग्रहण केंद्र में खड़ी हुई 100 से अधिक धान से भरी गाड़ियां अनलोड नहीं हुई हैं। ट्रांसपोर्टर्स ने कहा कि जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं होने की दशा में प्रदर्शन किया जाएगा। इसकी सारी जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी, क्योंकि उन्हें अनलोडिंग नहीं होने से लाखों रुपए का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

# जमीन को लेकर पार्षद के साथ जमकर मारपीट, 85 हजार रुपए भी गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जमीन को लेकर पार्षद के कार्यालय में घुसकर जमकर मारपीट कर उसके दराज में रखे 85 हजार रुपए गायब होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ धारा 332(सी), 296, 351(2), 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि पंचशील नगर पूर्व चरोदा निवासी पार्षद एस. वेंकट रमना प्रापर्टी डिलिंग का भी काम करता है। 17 फरवरी की शाम चरोदा निवासी जुबेर खान, प्रशांत उर्फ प्रदीप गईन, सौरभ शर्मा, शम्भु ढोल ने मिलकर जबरन व्यवसायिक कार्यालय में घुसे। उसके बाद शंभु ढोल के जमीन को लेकर गाली गलौज, मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। आरोपियों ने मारपीट करने बाद अपने कार, बाइक से फरार हो गए। कार्यालय के रखे दराज से 85 हजार रुपए गायब मिला है। पार्षद एस. वेंकट रमना नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा का कांग्रेसी पार्षद है। इसके अलावा एमआईसी सदस्य भी है। पुलिस ने बताया कि पार्षद अपने व्यवसायिक कार्यालय जी.ई. रोड चरोदा में शाम को बैठा हुआ था। तभी जुबेर खान,प्रशांत (प्रदीप) गईन, सौरभ शर्मा, शंभु ढोल कार सीजी 07 सीसी 8786 में पहुचे थे। कार्यालय में सभी युवक जबरन घुस गए।

▪ कार्यालय में घुसकर युवकों ने दिखाई दबंगई

### इसलिए की मारपीट

मूलचंद का मकान है। जिसे पार्षद के गुरु भाई ने उसे देख-रेख करने को कहा है। जिसका देख-रेख पार्षद वेकंट रमना करते आ रहा है। मकान को मकान मूलचंद ने शंकर ढोल को किराये पर दिया है, जिसे खाली करने के लिए मुझसे कहा था। किरायेदार को मकान खाली करने कहने गया। तब पार्षद ने दुकान को खाली करने के लिए दो माह से कहा था। मकान खाली करने को लेकर नाराज होकर शंभु ढोल अपने तीन दोस्तों जुबेर खान,प्रशान्त (प्रदीप) गईन, सौरभ शर्मा को साथ लेकर कार्यालय पहुंचकर मारपीट किया। घटना में पार्षद के हाथ-पैर, पीठ में चोटें आई है।

### ट्रेडिंग के नाम पर 7.20 लाख रुपए की ठगी

**भिलाई।** ट्रेडिंग,आईपीओ खरीदने और निवेश करने का झांसा देकर लाखों रुपए ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारकों के खिलाफ पुलिस ने धार 318(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि एमआईजी 1/344 आमदी नगर हुडको निवासी पीटी लक्ष्मीनारायण के मोबाइल पर अज्ञात मोबाइल धारक रवि सरोगी, मयंक सिंह चंदेल,जय रजनीकांत ने स्टाक इंट्रा डे ट्रेडिंग, आईपीओ खरीदने और अन्य निवेश का ललाच देकर 7 लाख 20 हजार रुपए का ठगी किया है। वाट्सअप ग्रुप एप्प ग्रुप चीता प्लान 1872 फेज 5 ने पीड़ित को जोडा गया। जिसमे 54 लोग और भी थे। ग्रुप एडमिन जय रजनीकांत रोज कॉल करता था। अज्ञात मोबाइल धारकों ने पीड़ित को 15 लाख रुपए प्रोफिट होने का झांसा देकर खाते से 7 लाख 20 हजार रुपए का ठगी कर लिया।

पानी, कचरा संबंधी भी कर सकते हैं शिकायत

# घर बैठे टैक्स जमा करने दो मोबाइल ऐप लांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई और एचडीएफसी बैंक मिलकर पहल की है। निगम क्षेत्र के सभी हितग्राहियों की सुविधाओं के लिए डीडीएन डिजिटल डोर नंबर साल्यूशन की लॉन्चिंग की है। जिससे सभी हितग्राही बड़े ही आसानी से टैक्स की बकाया राशि देख पाएंगे और साथ ही भुगतान भी कर पाएंगे। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल के द्वारा यह मोबाईल ऐप का लॉच किया गया है। सभी नागरिक जो भी निगम को संपत्तिकर, भू-भाटक, जलकर, निर्यातकर एवं अन्य करों का भुगतान करना चाहते है, वह मोबाईल ऐप के माध्यम से भुगतान कर सकते है। निगम क्षेत्र के सभी मकानो में डिजिटल क्यूआर कोड के साथ नेम प्लेट लगाया जा रहा है। जिसको स्केन करके नागरिक अपने सभी प्रकार के करों की जानकारी प्राप्त कर सकते है। संबंधित व्यक्ति के मोबाईल में ओ.टी.पी. आयेगा, वह व्यक्ति जब ओके करेगा, तभी उसका भुगतान स्वीकृत होगा। यह पुरी तरह से सुरक्षित होगा। सबका समय किमती है, इसके लिए नगर निगम भिलाई तक आने की आवश्यकता नहीं है। नागरिक घर बैठे इस मोबाईल ऐप के माध्यम से टैक्स से संबंधित पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते है। एचडीएफसी बैंक के माध्यम से करों का भुगतान हो सकेगा, वह भी सहयोगी है। दूसरे ऐप के माध्यम से स्वच्छता के क्षेत्र में कहीं पर भी कोई समस्या हो, कचरा हो, पानी बह रहा हो, किसी के द्वारा गंदगी फैलाया जा रहा हो, अवैध पार्किग कर लिया हो। तमाम प्रकार की जानकारियां ऐप के माध्यम से निगम को दे सकते है, निगम का प्रयास होगा कि 24 घंटे के अंदर उसका निदान हो सके। जिस प्रकार से चुनाव के दौरान सी.व्ही.जील ऐप काम करता है, उसी प्रकार से यह ऐप तत्कालिक रूप से वीडियो, फोटो एवं अन्य जानकारियां निगम के अधिकारियों तक पहुंचा देगा।

### 10 हजार मकानों में डिजिटल नेम प्लेट

ऐप का लॉच करते समय वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने बताया कि शुरूवात में 10 हजार मकानो तक डिजिटल नेम प्लेट लगाया जायेगा। उसके बाद धीरे-धीरे सभी मकानों तक लगाने की प्रक्रिया की जायेगी। किसी भी नये काम को करते समय कुछ कमियां रहती है, जब नागरिक इसका फीड बैक देगे, उसे भी सुधार लिया जायेगा। हमारी सरकार का प्रयास है, नागरिको को बेहतर सुविधा मिले। महापौर नीरज पाल ने नागरिको से आवाहन किया कि अधिक से अधिक संख्या में इस ऐप का लाभ उठावें और अपने दायित्वो का निर्वहन करें।



## खबर संक्षेप



### शहादत दिवस पर आजाद को दी गई श्रद्धांजलि

दुर्ग। 27 फरवरी आजादी आंदोलन की गैर समझौता वाली धारा के क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद के शहादत दिवस के अवसर पर ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन के छात्र संगठन, युवा संगठन व महिला संगठन द्वारा पटेल चौक में सभा आयोजित की गई। जिसमें शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान एवं उनके जीवन संघर्ष पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित छात्र संगठन के राज्य अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, जिला अध्यक्ष शुभम पांडेय, महिला संगठन जिला अध्यक्ष अनीता साहू व युवा संगठन राज्य सचिव आत्माराम साहू ने चंद्रशेखर आजाद के जीवन संघर्ष पर बातें रखी। उन्होंने बताया कि हमारे सामने शहीद चन्द्रशेखर आजाद बगावत, बहादुरी, निडरता, कर्तव्यपरायणता, कुर्बानी और देशभक्ति की बेजोड़ मिसाल पेश कर गये हैं। चन्द्रशेखर आजाद के नेतृत्व में भगतसिंह व अन्य क्रान्तिकारी साथियों के साथ हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन ऐसोसियेशन का गठन सम्पूर्ण भारत के क्रान्तिकारी आन्दोलन के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में एक महत्वपूर्ण घटना थी। उन्होंने कहा कि आजादी के इतने साल बाद भी देश की जनता पर घोर गरीबी, अभाव, महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार की जबरदस्त मार है। शिक्षा स्वास्थ्य के व्यापारीकरण के चलते शिक्षा आम लोगों की पहुंच से दूर होती जा रही है। सरकारी विभागों में हजारों पद खाली पड़े हैं लेकिन भरे नहीं जा रहे। ठेके पर मामूली वेतन पर लगा कर शोषण किया जा रहा है। सदस्यों ने चन्द्रशेखर आजाद के सपने को साकार करने की शपथ लेते हुए दुर्ग पटेल चौक में श्रद्धांजलि अर्पित की।

### समिति की बैठक आयोजित करने की मांग

दुर्ग। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा दुर्ग द्वारा विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि विगत कई वर्षों से बैठक नहीं होने के कारण कर्मचारियों एवं अधिकारियों की विभागीय पदोन्नति, समयमान वेतनमान, क्रमोन्नति, वरिष्ठता सूची का प्रकाशन समय पर नहीं होने, सेवा पुस्तिका संधारण अघतन, सहित कर्मचारियों की अन्य वेतन भुगतान प्रकरण अघतन नहीं होने से कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। यह जानकारी संघ के प्रांतीय महामंत्री एवं कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक विजय लहरे ने दी।

### प्लेसमेंट केम्प 7 को

दुर्ग। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र परिसर दुर्ग में 7 मार्च को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट केम्प में निजी नियोजक एमएपी एनर्जी द्वारा फिटर, वेल्डर 30, इलेट्रिशयन 35, मेकनिक 15, रिगर 20, गैस कटर 15 और हेल्पर 50 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए आयु सीमा 18 प्लस एवं शैक्षणिक योग्यता आईटीआई, 10वी एवं 12 पास और अनुभव 3 से 5 वर्ष को प्राथमिकता दी जाएगी।

## फैसला : पहली बार केन्द्र के समर्थन मूल्य पर फसल की होगी खरीदी

# समर्थन मूल्य पर दलहन, तिलहन और सोयाबीन की होगी खरीदी

**पहली बार प्रदेश में धान के बाद गेंहू, दलहन, तिलहन की समर्थन मूल्य में होगी खरीदी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

खास खबर

छग के धान के कटोरे में अब सिर्फ धान ही नही बल्कि दलहन तिलहन की भी खरीदी समर्थन मूल्य पर की जाएगी। राज्य शासन द्वारा निर्देश जारी किए जाने के बाद जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है। जिले के दुर्ग और धमधा ब्लाक के आधा दर्जन सोसायटियों के जरिए रबी सीजन में उपार्जन शुरू होगी।जानकारी अनुसार जिले में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना (पीएम-आशा योजना) के तहत किसानों का एकीकृत कृषक पोर्टल में पंजीयन प्रारंभ हो गया है। योजना के तहत खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली एवं सोयाबीन तथा रबी विपणन वर्ष 2025-26 में चना, मसूर एवं सरसों फसल का प्राईस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) योजनांतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा जिले में उपार्जन एवं भण्डारण हेतु उपार्जन केन्द्र के रूप में वि.ख.-धमधा में प्राथमिक सेवा सहकारी समिति, अहिवारा, लिटिया, कन्हारपुरी एवं गोटा तथा भण्डारण केन्द्र के रूप में सीजीएसडब्ल्यूसी धमधा एवं वि.ख.-दुर्ग हेतु उपार्जन केन्द्र प्राथमिक सेवा सहकारी समिति, चंद्रखुरी व भण्डारण केन्द्र के रूप में सीजीएसडब्ल्यूसी दुर्ग अधिसूचित किये गये है।



### पन्द्रह फरवरी से मई तक खरीदी

उप संचालक कृषि संदीप भोई बताया कि, अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली एवं सोयाबीन फसलों का उपार्जन 15 फरवरी 2025 से 15 मई 2025 तक एवं चना एवं मसूर फसल का उपार्जन 1 मार्च 2025 से 30 मई 2025 तक व सरसों फसल का उपार्जन 15 फरवरी 2025 से 15 मई 2025 तक की अवधि में किया जावेगा। जिले के सभी किसान को फसल बेचने पहले एकीकृत किसान पोर्टल में जल्द से जल्द पंजीयन करवाने की अपील की गई है, ताकि अरहर, चना, मसूर, सरसों इत्यादि फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर विक्रय कर सकें।

### प्रति क्विंटल ऐसा रहेगा दर निर्धारित

जानकारी अनुसार रबि सीजन में प्रति क्विंटल गेहूं 2425 जौ 2425 चना 5650 मसूर 6700 सरसो 5950 कुसुम 5940 की खरीदी होगी। वहीं खरीफ 2024-25 में उपार्जित ज्वार 3371 बाजरा 2625 रागी 4290 अरहर 7550 मूंग 8682 उडद 7400 है। वहीं आईल बनाने की उपज की खरीदी होगी। जिसमें मुंगफली 6783, सनफ्लावर सीड 7280, सोयाबीन 4892, सीशम 9267, नीलगिरि सीड 8717 व काटन मिडियम 7121 और लांग 7521 रूपए की पहली बार समर्थन मूल्य पर खरीदी होगी।

### मार्कफेड को बनाई गई एजेंसी

जिले में अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन, चना, मसूर एवं सरसों फसल के उर्पाजन हेतु एनसीसीएफ प्रामाणन संस्था (पोक्योरमेंट एजेन्सी) होंगे। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित (मार्कफेड) योजना के क्रियान्वयन हेतु नोडल एजेन्सी है। जो राज्य स्तरीय एजेन्सी के रूप में कार्य करते हुए प्राथमिक कृषि सहकारी समिति (पीएसीएस) के माध्यम से फसलों का उर्पाजन करेगी।

### पंजीयन अनिवार्य

समर्थन मूल्य पर उपज बेचने के लिए किसानों को पंजीयन कराना अनिवार्य हैं। रबि और खरीफ दोनो सीजन में किस्म अनुसार खरीदी निर्धारित की गई हैं।
**-संदीप भोई,** डीडीए, दुर्ग

# पाटन में भाजपा को मिला सात सदस्यों का समर्थन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पाटन जनपद में भाजपा की अध्यक्ष बनाना लगभग तय हो गया है। भाजपा संगठन की माने तो अब तक सात सदस्यों का उन्हें समर्थन मिल गया है। पाटन के 25 सीट में पहले ही

■ अब तक 7 जनपद सदस्य भाजपा में शामिल, बहुमत

भाजपा के पास दस सीट थे। वही सात सदस्यों के समर्थन के बाद भाजपा बहुमत की स्थिति में पहुंच गई हैं। समर्थन देने के बाद सभी समर्थक सांसद विजय बघेल से उनके निवास पहुंचे। विगत दिनों 3 निर्दलीय जनपद सदस्यों ने जिला भाजपा कार्यालय पहुंचकर भाजपा की सदस्यता ली। उनके भाजपा में शामिल होने के बाद शुक्रवार को चार और जनपद सदस्यों ने जिला भाजपा कार्यालय दुर्ग पहुंचकर जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, निवर्तमान जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार पाध्ये, दिलीप साहू, भाजपा नेता संजय बघेल के समक्ष भाजपा प्रवेश किया। इस प्रकार अब तक निर्दलीय और कांग्रेस जनपद सदस्य मिलाकर कुल 7 नेता भाजपा में सम्मिलित हो चुके हैं। भाजपा का कुल आंकड़ा 17 पहुंच गया है। इस अवसर पर जिला मंत्री दीपक चोपड़ा, कार्यालय सह प्रभारी अनूप सोनी, मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष मदन वाढई, जनपद सदस्य कमलेश वर्मा, दुलौरिन यादव, राकेश आडिल, जिला कार्यकारिणी सदस्य केशव बंछोर, कामता पटेल, सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### इन्होंने दिया भाजपा को समर्थन

पूर्व जिलाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि, पाटन के निर्वाचित निर्दलीय जनपद सदस्य सीता निषाद जिनके पति सुरेश निषाद पूर्व में कांग्रेस से जनपद सदस्य रह चुके हैं। निर्दलीय डुलेश्वर सिंह मानकुर (पूर्व सरपंच) ने और कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्य रेखा अरविंद जोशी और दामिनी राकेश साहू ने भाजपा की सदस्यता ली। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा नगरी निकाय चुनाव के बाद त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी निर्वाचित जनप्रतिनिधि भी खुलकर भाजपा के पक्ष में सामने आकर पार्टी प्रवेश रहे हैं।

# वार्डवासियों ने किया शांति यज्ञ, 11 जोड़ों ने लिया अनुष्ठान में हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



वार्ड नंबर 23 दीपक नगर के निवासियों द्वारा वार्ड के रहवासियों की सुख शांति और उन्नति एवं उनके परिवार की सुरक्षा के लिए

■ शहर के नागरिकों के लिए की गई प्रार्थना

शांति यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ पंडित अशोक शास्त्री द्वारा संपन्न किया गया। इस यज्ञ में वार्ड के निवासियों के पितरों की शांति के लिए भी प्रार्थना की गई। 11 जोड़ों की अगुवाई में किया जाने वाले यह अनुष्ठान अपने तरीके से एक अनूठा अनुष्ठान रहा। जिसमें वार्ड के निवासियों ने शहर की सुख शांति की कामना की। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद विजय जलकारे ने बताया कि यह यज्ञ समग्र विकास की सोच के साथ किया गया है यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष संपन्न किया जाएगा। कार्यक्रम में जोड़ों के रूप में पूर्व पार्षद विजय प्रियंका जलकारे, संतोष मंजू यादव, तोरण उमेश्वरी परिहार, हीरालाल, दुर्गा निर्मलकर, मनीष, जय श्री नायडू, संतोष, संतोषी परिहार, आमिर, प्रीति जघेल, उधो हेमलता पटेल, मुरारी, सरला निर्मलकर, संतोष, प्रज्ञा धनकर एवं बड़ी संख्या में वार्ड वासी शामिल रहे।

### सुयश सागर का नगर प्रवेश आज



दुर्ग। चर्या शिरोमणि आचार्य विशुद्धसागरजी के परम प्रभावक शिष्य नगर गौरव मुनि श्री 108 सुयशसागरजी महाराज जीं का मंगल प्रवेश कल 01 मार्च शनिवार संध्या 4 बजे श्री 1008 महावीर दिगम्बर जैन मंदिर, पद्मनाभपुर में होगा। संध्या 06 बजे आचार्य भक्ति और संध्या 7 बजे णमोकार चालीसा होगा। उक्त जानकारी दिगम्बर जैन मंदिर पद्मनाभपुर के अध्यक्ष विजय बोहरा, कोषाध्यक्ष सुनील गंगवाल, सचिव आशीष जैन द्वारा दी गई।

### विद्यार्थियों के बीच राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया



दुर्ग। शहर के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को चंद्रशेखर वेंकट रमण जी की जीवनी व उनके अविष्कार रमन प्रभाव के बारे में जानकारी देकर पेन तथा चाकलेट वितरित कर व आवश्यक शपथ दिलवाकर हंसराज नवयुवक मंडल द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। जिसमें हंसराज नवयुवक मंडल की ओर से श्री आत्माराम साहू, बंटी चौरे, श्रीमती योगा डोंगरे,विनीत चौरे, अजय नंदेश्वर व जयवर्धन समाजसेवी की प्रमुख सहभागिता रही। महर्षि दयानंद सरस्वती शा. प्रा. वि. की प्रधानपाठिका करूणा साहू व महात्मा गांधी शा.पूर्व. माध्य.वि. की प्रधानपाठिका आलिया बेगम जी ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में श्रीमती सरिता मेश्राम व श्री आरिफ खान जी की ही तरह अन्य शिक्षकों का भी उल्लेखनीय योगदान रहा।

### नियमितिकरण के लिए राज्य शासन जारी करे स्पष्ट दिशा निर्देशः डॉ. उमरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पूर्व एल्डरमैन डॉ प्रतीक उमरे ने मुख्य सचिव अमिताभ जैन से अनाधिकृत मकान के अवैध निर्माण के नियमितीकरण के लिए स्पष्ट दिशा निर्देश जारी करने का आग्रह किया है। डॉ उमरे ने बताया कि अनाधिकृत मकानों के अवैध निर्माण को लेकर अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिए जाने के कारण हजारों प्रकरण निकायों एवं टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग में डंप है। राज्य सरकार द्वारा नियमितीकरण को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी नहीं किए जाने के कारण ऐसे प्रकरणों पर ब्रेक लग गया है। राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद उम्मीद थी की जल्द ही नियमितीकरण की प्रकिया शुरू होगी लेकिन इसे ठंडे बस्ते में डाल देना समझ से परे है। पूर्व सरकार द्वारा मकानों के अनाधिकृत निर्माण को नियमित करने की प्रक्रिया वर्ष 2023 के सितंबर महीने तक जारी रखी गई थी लेकिन उसके बाद जमा कई प्रकरण धूल खा रहे हैं। दुर्ग में ज्यादातर जमीन खरीदने वाले हितग्राही मध्यम वर्गीय है। भूमाफियाओं द्वारा अवैध प्लॉटिंग के जरिए छोटे टुकड़ों में जमीन बेचे गए लेकिन अब दुर्ग जिले में निकायों द्वारा भूमाफियाओं को छोड़ जमीन खरीददार से विकास शुल्क वसूल रहे हैं। जबकि यह कार्य जमीन बेचने वाले बिल्डरों का है। पूर्व एल्डरमैन डॉ प्रतीक उमरे ने मुख्य सचिव से नियमितीकरण के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया है।

■ खरीददार से वसूला जा रहा विकास शुल्क

### शपथ ग्रहण कार्यक्रम में आएंगे उपमुख्यमंत्री

दुर्ग। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री, गृह एवं जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री तथा दुर्ग जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा 1 मार्च 2025 को भिलाई नगर आएंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा 01 मार्च को रायपुर से प्रातः 9 बजे कार द्वारा प्रस्थान कर प्रातः 10 बजे कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई नगर पहुंचेंगे और यहां आयोजित वार्षिकोत्सव में शामिल होंगे। गृह मंत्री श्री शर्मा प्रातः 10.30 बजे कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई से कार द्वारा प्रस्थान कर पूर्वान्ह 10.45 बजे नगर निगम परिसर दुर्ग पहुंचेंगे और यहां आयोजित नव निर्वाचित महापौर एवं पार्षदगणों का शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे।




## आगामी 7 मार्च को प्रथम सम्मेलन के दिन होगी घोषणा

# पर्यवेक्षक ने वन टू वन पूछे तीन नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरनिगम के शपथ ग्रहण के एक दिन पहले सभापति चयन को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में बैठक रखी गई थी। इस बैठक में भाजपा के सभी चालीस पार्षदों से वन टू वन रायशुमारी की गई।

■ बंद लिफाफे में नाम लेकर गए पर्यवेक्षक

पर्यवेक्षक ने सभी पार्षदों को तीन नाम बताने को कहा। शपथ ग्रहण के निपटने के बाद ऐसी संभावना हैं कि, आगामी सात मार्च को प्रथम सम्मेलन के दिन सभापति के नाम का लिफाफा खुलेगा।

प्रथम सम्मेलन की तिथि कलेक्टर द्वारा जारी किया जाएगा। भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को पर्यवेक्षक व प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव पहुंचे थे। उन्होने भाजपा के सभी पार्षदों को एक-एक कर बुलाया और उनसे तीन नाम पूछे गए। ज्यादा पार्षदों का कहना था कि, अनुभवी पार्षदों को सभापति पद के लिए प्राथमिकता दी जाए। वही कई पार्षदों ने तो पार्टी छोडकर चुनाव लडने वाले व निर्दलीय जीतकर आए लोगों को सभापति के लिए उपयुक्त नही पाए जाने तक की वकालत कर डाली। बहरहाल पार्षदों से रायशुमारी के बाद आलाकमान के बीच प्रस्ताव रखा जाएगा। जिस नाम में ज्यादा सहमति बनी हैं, उसी नाम पर अंतिम मुहर लगाया जा सकता है।

### कोर कमेटी से भी रायशुमारी



जानकारी अनुसार पहले पर्यवेक्षक ने सभी चालीस पार्षदों की एक साथ बैठक ली। उन्हें पार्टी रीति नीति से अवगत कराया गया। जिसके बाद जिला स्तर पर गठित कोर कमेटी से भी चर्चा की गई। कमेटी के सदस्यों से भी तीन-तीन नाम मांगे गए। वही पार्षदों से भी मिले नाम को प्रदेश आलाकमान को सौंपने की तैयारी हैं। जिस नाम पर अधिक प्रस्ताव आए है, लगभग उसे तय माना जा रहा हैं।

### दर्जनभर नामों की रही खूब चर्चा

बैठक में पार्टी के बीच यह मांग भी उठी कि, अब तक संगठन चुनाव में किस मापदंड को तय किया गया था। उसी के अनुसार सभापति का भी चयन किया जाए। अगर ऐसा हुआ तो बागी और निर्दलीय होकर पूर्व में चुनाव लडे दावेदार बाहर हो सकते हैं। इस बीच रायशुमारी के बाद कुछ नाम खुलकर सामने आए। जिसमें काशीराम कोसरे, श्याम शर्मा, चंद्रशेखर चंद्राकर, गुलाम वर्मा, मनीष साहु, ज्ञानेश्वर ताम्रकार सहित अन्य नाम थे।

## खबर संक्षेप

### पेंशनर्स समाज पाटन की बैठक चार को

**भिलाई।** छग पेंशनर्स समाज की पाटन इकाई की बैठक 4 मार्च को दोपहर 12 बजे पेंशनर्स भवन में आयोजित है। पेशनर्स समाज के अध्यक्ष हीरासिंह वर्मा ने बताया कि बैठक में केंद्र सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग का गठन किये जाने पर अनुमानित पेंशन के संबंध में प्रस्ताव,राज्य शासन से केंद्र शासन के अनुरुप पेशनरों के लिए पुनरीक्षित पेंशन,केंद्र द्वारा निर्धारित तारीख से दिए जाने,महंगाई राहत और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग, केंद्र सरकार के समान 53 प्रतिशत महंगाई राहत जल्द प्रदान किए जाने, रेलवे प्रशासन द्वारा सीनियर सिटिजन को यात्रा में मिलने वाला कंसेशन व रोक को बहाल करने आदि मुद्दों पर चर्चा होगी। साथ ही वार्षिक सम्मेलन की तारीख का निर्धारण, वार्षिक सदस्यता शुल्क जमा करने, पेंशनर्स चिंतक पत्रिका के रजत जयंती वर्ष 2025 के लिए आलेख आदि प्रकाशन सामग्री आदि मंगाने पर भी चर्चा होगी।

### नवनिर्वाचित सरपंच ने निकाली आभार रैली



**अंडा।** ग्राम ओटेबंद नवनिर्वाचित सरपंच जीवन साहू ने आभार रैली निकाला। जिसमें जनपद सदस्य पुरषोत्तम चंद्राकर, पंच पुखराज निर्मलकर, दुजराम साहू, यतेंद्र चंद्राकर, गोपाल साहू, खूबे साहू, अनुसाईया देशमुख एवं गांव के उत्तम साहू, दीनदयाल साहू, देवधर साहू, केदार साहू, अनुप साहू, भाऊ सिंग साहू, कमलकिशोर साहू, कुलेश्वर साहू, गांव के अन्य लोग उपथित थे। सरपंच ने अपने गांव में पूरे बाजे गाजे व डीजे के साथ सभी ग्रामीणों से आशीर्वाद लिया।

### परमेश्वरी महोत्सव आज

**पाटन।** पाटन में परमेश्वरी महोत्सव आज धूमधाम से मनाई जा रही है। यह महोत्सव का 41वां वर्ष है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे। अध्यक्षता नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भले करेंगे, विशेष अतिथि आशीष वर्मा, हेमंत देवांगन एवं कृष्णा भाले होंगे। समापन सत्र के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल, अति विशिष्ट अतिथि विधायक ललित चंद्राकर, गजेंद्र यादव, जितेंद्र वर्मा, चंद्र प्रकाश देवांगन एवं केवल देवांगन होंगे। साथ ही समाज के लोगों के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी एवं अतिथियों का स्वागत सम्मान उद्बोधन के पश्चात प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। सम्मान की कड़ी में सीजीपीएससी में चयनित युवाओं के साथ-साथ मेडिकल क्षेत्र में चयनित डॉक्टर का सम्मान होगा।

## निधन

### अहिल्या त्रिपाठी



**भिलाई।** वार्ड 17 निवासी अहिल्या त्रिपाठी का आकस्मिक निधन 28 फरवरी को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 1 मार्च को सुबह 11 बजे वार्ड 17, पांच रास्ता पटेल होटल के बाजू से निकलेगी। वे अशोक कुमार त्रिपाठी व शिव कुमार त्रिपाठी की मां थीं।


### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार रमेश कुमार जांगरा उम्र 53 वर्ष पिता वेदराम प्रकाश जांगरा निवासी-बी. 47, चौहान टाउन जुनवानी मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) से अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्न सूचना प्रेषित करती हूं कि मेरे पक्षकार द्वारा मौजा-ग्राम बोरई प.ह.न. 01 रा.नि.मं. नगपुरा तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नं. 2108/1 रकबा 0.6100 हेक्टेयर है भूमि को बाला राम साहू उम्र 52 वर्ष पिता किसलाल निवासी ग्राम गनियारी तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. से क्रय करने का पक्का सौदा तय किया गया है मात्र पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उक्त सव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति संस्था, बैंक, बीमा, वित्तीय संस्था, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था को किसी भी प्रकार से दावा आपत्ति हो तो मय लिखित दस्तावेजो के साथ मेरे नीचे लिख पते पर प्रकाशन दिनांक से 10 दिवस के भीतर कर सकते है इसके पश्चात मेरा पक्षकार प्रतिफल की राशि का भुगतान कर अपने पक्ष में बयनामा पंजीयन करा लेगा, समयवधि पश्चात की गई आपत्ति शून्य एवं अमान्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी।

सो सूचना जाने
स्थानः दुर्ग (छ.ग.)
दिनांक 27/02/2025

रेखा आचारी
अधिवक्ता जिला न्यायालय, दुर्ग (छ.ग.)
मोबा. 8269723547


### ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर लगाई गुहार

# 15 हजार ट्यूबवेल से 45 गांव में लो-वोल्टेज, गहराया जलसंकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जिले के लालबहादुर नगर और सड़क चिरचारी क्षेत्र के लगभग 18 गांव में लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। जिसके चलते किसान अपने खेतों में सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। वहीं ट्यूबवेल नहीं चलने से गांव में पेयजल की समस्या भी हो रही है। लगभग 18 गांव के सैकड़ों किसानों ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर को अपनी समस्याओं से अवगत कराया है। वहीं समस्या के जल्द समाधान के लिए गुहार लगाई है। जिले के लाल बहादुर नगर, सड़क चिरचारी, कोठीटोला, भरकाटोला, गोविंदपुर सहित लगभग 18 गांव में लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। आलम यह है कि यहां पर्याप्त बिजली नहीं मिलने के चलते कृषि कार्य प्रभावित हो गया है, फसले सूखने लगी है और किसानों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे सैकड़ों किसानों ने कहा कि लो-वोल्टेज की वजह से वह अपने खेतों में सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। खेतों में धान और दलहन की फसलें लगी हुई है। सिंचाई नहीं होने से फसलों को नुकसान हो रहा है।

#### समस्या के समाधान के लिए कलेक्टर ने दिए निर्देश



#### योजना बनाई जा रही

इस पूरे मामले को लेकर राजनांदगांव कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि इन क्षेत्रों में ज्यादा ट्यूबवेल होने से ओवरलोड हो रहा है। इस क्षेत्र में 132 केवी का विद्युत सब-स्टेशन सितंबर माह तक बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल समस्या के समाधान के लिए क्षेत्र के हिसाब से अलग-अलग समय को लेकर बिजली आपूर्ति हेतु व्यवस्था बनाई जाएगी। इसके लिए सीएसईबी इस पर प्लान बना रही है। किसानों के साथ बैठक कर समय निर्धारित किया जाएगा।

#### दो-तीन महीनों से समस्या

कलेक्टर कार्यालय पहुंचे किसानों ने कहा कि लो-वोल्टेज की समस्या क्षेत्र में लगभग दो-तीन माह से बनी हुई है। कई बार विद्युत मंडल और स्थानीय अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी इस दिशा में कोई प्रयास नहीं हुआ, समस्या जस की तस है। विद्युत मंडल के अनुसार इस पूरे क्षेत्र में लगभग 15000 ट्यूबवेल है। जिसके चलते ओवरलोड हो रहा है और इस वजह से लो-वोल्टेज की समस्या आ रही है।

#### पानी के लिए रतजगा

इस क्षेत्र में लो-वोल्टेज की वजह से ट्यूबवेल नहीं चल पा रहे हैं। किसान अपने खेतों में रतजगा कर पंप चलाने की कोशिश कर रहे हैं। आधी रात वोल्टेज आने पर चंद मिनट ही पंप चल पाता है। ऐसे में किसान खेत में ही रह रहे हैं। भरकाटोला से पहुंचे किसान बाबूलाल सिन्हा का कहना है कि रात को पंप चलाने के लिए खेत में ही रूकना पड़ रहा है।

#### विधायक ने कहाः मुझसे न होगा

गोविंदपुर से कलेक्टर कार्यालय पहुंचे किसान मोहित साहू का कहना है कि दिनभर में लगभग 8-10 घंटे ही बिजली मिलती है, वह भी लो-वोल्टेज रहता है। जिसकी वजह से विद्युत उपकरण नहीं चला पा रहे हैं। उनका कहना है कि समस्या को लेकर उन्होंने स्थानीय विधायक दलेश्वर साहू से भी गुहार लगाई थी, लेकिन विधायक ने इस मामले में कुछ नहीं कर पाने की बात कही। इसके बाद वह कलेक्टर कार्यालय पहुंचे हैं।

### सरपंच विजय जुलूस के दौरान मारपीट, चाकूबाजी

**राजनांदगांव।** गांव में सरपंच का विजय जुलूस के दौरान नाचने-गाने का माहौल था, तभी आरोपी ने गाली-गलौज करते मारपीट की एवं चाकू से हमला कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने मौके से फरार हुए आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत 27 फरवरी को प्रार्थी मनोज कुमार साहू उम्र 38 साल साकिन कुतुलबोड भाठागांव ने रिपोर्ट दर्ज कराया किया कि 26 फरवरी को शाम लगभग 6 बजे ग्राम कुतुलबोड़ भांठागांव में सरपंच पद पर विजयी हुई प्रत्याशी द्वारा विजय जुलूस निकाला गया था। जिसमें गांव के लोग नाच गा रहे थे।

जुलूस में नाचने-गाने के दौरान गांव के धर्मेश कुमार साहू व रोशन कुमार के बीच वाद-विवाद और गाली-गलौज हो गया। पुरानी रंजिश के चलते और इस घटना से आवेश में आकर रोशन ने अपने पास रखे धारदार चाकू से धर्मेश कुमार साहू के पेट पर वार किया। जिससे धर्मेश वहीं गिर गया। आरोपी चाकू से उस पर और वार करने वाला था, तभी गांव के लोगों द्वारा बीच-बचाव किया गया। रिपोर्ट पर धारा 296, 351(3), 109(1) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

## अंचल की खबरें

### कबड्डी प्रतियोगिता में राजनांदगांव की टीम रही प्रथम



**अंडा।** ग्राम खपरी कला में महाशिवरात्रि पर्व पर एक दिवसीय सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन वंदे मातरम क्रीडा मंडल के द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें पांच खिलाड़ी 38 किलोग्राम, दो खिलाड़ी 40 किलोग्राम खेल में भाग लिए। प्रतियोगिता में बाहर से कुल 22 टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें प्रथम पुरस्कार शिवनंदन क्लब राजनंदगांव, द्वितीय वंदे मातरम खपरी कला, तृतीय जय दंतेश्वरी कुर्सीडीह, चतुर्थ स्पोर्ट क्लब ईरा राजनंदगांव रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम पंचायत खपरी सिलोदा के नवनिर्वाचित सरपंच अनुसुइया नारायण साहू ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंच दोहित निषाद, विशेष अतिथि उमेश्वरी साहू पंच, शतरूपाबाई साहू , उमेश्वरी साहू, खुलास यादव, शांतिलाल साहू ने की। कार्यक्रम में पुनऊराम साहू समाज सेवी, चितरंजन साहू, रामसिंह साहू, विजय साहू, बलराम निषाद, अनिल यादव, घनश्याम निषाद, निर्भय राम साहू, राहुल साहू, गंगाराम ठाकुर, शत्रुहन निषाद, राकेश साहू, मुकेश साहू, योगेंद्र साहू आदि उपस्थित थे।

### नव निर्वाचित सरपंच व पंचों ने सांसद से की मुलाक़ात



**सेलूद।** ग्राम मटंग व बोदल के नव निर्वाचित सरपंच और पंचों ने दुर्ग सांसद विजय बघेल से मुलाक़ात किया। सरपंच अमित हिरवानी के अगुवाई में नवनिर्वाचित पंचों के साथ दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल के निवास में जाकर मुलाक़ात कर गुलदस्ता भेंट किया साथ ही मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कर बधाई दिया। सांसद बघेल ने जन भावना के अनुरूप जनहित में कल्याणकारी योजनाओं जन-जन तक पहुंचाकर जन सेवा की दिशा में कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर मनोज साहू, सूरेश ठाकुर, डिलेश कुमार, वार्ड पंच हितेश वर्मा, दादू वर्मा, धर्मेंद्र बंछोर, हेमू लाल, युगल कुमार, चंद्रिका बारले, राजकुमारी निर्मलकर, सरस्वती बाई, डाली यादव, निर्मला बाई, इन्द्राणी ठाकुर, लता गोयल, बिमला ठाकुर, पुष्पा मधुकर, गौरव ठाकुर, वेदराम यादव, वीणा साहू सहित आदि उपस्थित थे।

### अतुल ने डीजीपी अरुण देव से की चर्चा



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के नव नियुक्त डीजीपी अरुण देव गौतम से भिलाई कैन डू पर्वत फाउंडेशन के अध्यक्ष भाजपा नेता अतुल पर्वत ने शुक्रवार को रायपुर पुलिस मुख्यालय पहुंच कर पुष्प गुच्छ भेट कर मुलाक़ात की व नई जिम्मेदारी के लिए बधाई शुभकामनाएं दीं। अतुल पर्वत ने कहा नवनियुक्त डीजीपी के नेतृत्व में जनसहभागिता और अनुशासित पुलिसिंग के माध्यम से प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ हो जाएगी। इसके साथ ही पर्वत ने अपने फाउंडेशन के बारे में भी जानकारी दी।

### कौन बनेगा नपं का उपाध्यक्ष बना चर्चा का विषय

**पाटन।** पाटन नगर पंचायत के अध्यक्ष पद का चुनाव हो जाने के बाद अब उपाध्यक्ष के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री और पाटन के विधायक भूपेश बघेल के गढ़ में उपाध्यक्ष के लिए सरगर्मी तेज हो रही है। पाटन के नामी जगहों में और अनेकों चौक में उपाध्यक्ष कौन बनेगा इसमें विराम चिह्न लगी हुई है। पाटन नगर पंचायत जैसे में उपाध्यक्ष के पद का कमान कौन सम्हलेगा इसमें जानता और ऊपर के बड़े नेता सोच में पड़ गए हैं। पाटन नगर पंचायत में बीजेपी पार्टी से आठ पार्षद विजयी हुए हैं उसी प्रकार कांग्रेस पार्टी से सात पार्षद जीत का परचम लहराया है। वहीं पाटन नगर पंचायत के दिग्गज नेता पार्षद पद जीत कर आए हुए हैं ऊपर के बड़े नेता ने पाटन नगर पंचायत के किसी दो कांग्रेस पार्षद को बड़े नेता का फ़ोन की घंटी बज़ गई है उसी तरह बीजेपी पार्टी के चाणक्य कहे जाने वाले नेता ने अपने ख़ास किसी पार्षद को उपाध्यक्ष बनने में बड़ी मेहनत कर रही है। कांग्रेस पार्टी से विजयी प्राप्त पुरुषोत्तम कश्यप कुर्मी समाज से आते हैं वे कांग्रेस पार्टी से बहुत लंबे समय से जुड़े हुए हैं। इस बार पार्षद जीतकर नगर पंचायत में कदम रख लिए है उसी प्रकार आभाष दुबे ब्राह्मण समाज से काफ़ी प्रसिद्ध नाम है पाटन पंचायत में उपाध्यक्ष पद पर जनता और वार्डवासियों का पहला पसंद बने हुए हैं व मनोज कुर्रे कांग्रेस के युवा नेता माने जाते है ये भी लाइन पर बने हुए हैं। बीजेपी पार्टी से दिग्गज नेता ने भी जीत दर्ज करी हुई है जिस्मे वार्ड तीन की पार्षद निशा सोनी जो पूर्व में भी पार्षद पद की ज़िम्मेदारी निभा चुकी है। इस बार क्या पाटन नगर पंचायत की उपाध्यक्ष बनने में कामयाब हो जाएगी ज़ोर बड़ी लगी हुई है उसी प्रकार वार्ड चार के बहुत ही चर्चा नामो में से एक हैं बाबा वर्मा की पत्नी नेहा वर्मा इस बार पार्षद बन गई है जनता की पहली पसंद बाबा नेहा वर्मा की नामों की चर्चा हो रहा है। पाटन नगर पंचायत में एक युवा चेहरा वार्ड पंद्रह निवासी देवेंद्र ठाकुर जीत हासिल की है वे ठाकुर समाज से आते है आपको बता दे कि पाटन नगर पंचायत में आज तक ठाकुर समाज से कोई अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की कुर्सी में विराज मान नहीं हुवे है लेकिन इस बार पूरा अटारी में चर्चा हो रहा है कि इस बार देवेंद्र ठाकुर नगर पंचायत में उपाध्यक्ष की कुर्सी समहालेंगे। उसी तरह पाटन नगर के एक ऐसे वार्ड है जो वहां के एक महिला पार्षद को उपाध्यक्ष की कुर्सी मिलने वाली है पाटन नगर में जोरों से चर्चा है जिसमे ज़मीनी स्थल के बड़े नेता उसे पाटन नगर पंचायत की उपाध्यक्ष बनने में बड़ी भूमिका निभाने वाले है अब देखा जाना है की पाटन की जानता और नव चर्चित पार्षदों ने किसके नाम के माथे पर राज तिलक लगायेगा।



### विद्यार्थियों ने लिया विविध कौशलों का प्रशिक्षण



**पाटन।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केसरा के कक्षा 11वीं और 12वीं के मीडिया एंड एंटरटेनमेंट विषय के 59 छात्रों ने ओजल कंप्यूटर संस्थान में 10 दिवसीय इंटर्नशिप सफलता पूर्वक संपन्न की। इस इंटर्नशिप के दौरान छात्रों ने वीडियो एडिटिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग, डिजिटल मीडिया, कैमरा टेक्नीक, साउंड एडिटिंग और अन्य महत्वपूर्ण कौशलों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। संस्थान के एम्प्लॉयर राजेश कुमार यादव के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने मीडिया इंडस्ट्री में काम करने का वास्तविक अनुभव लिया। विद्यालय के प्राचार्य वीपी कुंभकार ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के व्यावसायिक प्रशिक्षण से छात्रों को इंडस्ट्री की जरूरतों को समझने और करियर निर्माण में सहायता मिलेगी। व्यावसायिक प्रशिक्षक भारत भूषण साहू ने कहा कि यह इंटर्नशिप छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी रही। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों ने मीडिया इंडस्ट्री की बारीकियों को सीखा और अपने कौशल को निखारने का अवसर पाया।

## नगर पालिका परिषद जामुल में सामान्य सभा का आयोजन



**भिलाई।** नगर पालिका परिषद जामुल में सामान्य सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी पार्षदों ने बैठक में अपने विचार व्यक्त करते हुए सर्वसम्मति से सभी विषयों को स्वीकृति प्रदान किया। बैठक के कुल ग्यारह विषयों पर चर्चा हुई और सभी को पारित किया गया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि शिवपुरी गार्डन का उन्नयन कार्य होगा। जो कि 62.50 लाख रूपये सुरडुंग के शीतला तालाब का सौंदर्यीकरण 65.30 लाख रूपये शासकीय महाविद्यालय के पास नाला निर्माण लागत राशि 40.00 लाख रूपये पालिका क्षेत्र के सार्वजनिक शौचालयों के संधारण हेतु 61.00 लाख रूपये राम मंदिर तालाब के रिजुनवेशन हेतु, 1 करोड 13 लाख रूपये के विकास कार्यो के प्राप्त दरों का हमारे परिषद के सभी सम्मानीय सदस्यों के सर्व सम्मति से अनुमोदन किया। यह सभी कार्य शीघ्र ही प्रारंभ होंगे। साथ ही हमारे जामुल पालिका में डिजिटल लाईब्रेरी हेतु जिला योजना सांख्यिकी विभाग दुर्ग द्वारा 2 करोड 70 लाख रूपये का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। जिसे परिषद के सभी सदस्यों ने स्वीकृति प्रदान किया है। इस प्रकार हमारे नगर पालिका जामुल क्षेत्र में कुल 5 करोड रूपये का विकास कार्य संपादित होगा। सामानय सभा के बैठक में नपा उपाध्यक्ष सुनीता चन्नेवार, पार्षदगण खम्हन ठाकुर, रेखराम बंछोर, सरोजनी चन्द्राकर, दीपक गुप्ता, संजय देशलहरा, अश्वनी साहू, निशा चन्नेवार, रामप्यारी वर्मा, कविता बिश्वाल, रामदुलार साहू, के राजू, चुम्मन वर्मा, तिलेश्वर देवांगन, अहिल्या वर्मा, शांति टंडन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी, उपअभियंतागण के एन ताम्रकार, सचिन भागवत, राजस्व प्रभारी हरिश साहू, लेखापाल आशा जंघेल, सहित सभी विभागीय प्रभारी अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## अनियमितता उजागर करने पर प्रबंधन ने किया महामंडलेश्वर का अपमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



- महामंडलेश्वर अरुण मिश्रा ने रखा अपना पक्ष

प्रतिवर्ष माघी पूर्णिमा से महाशिवरात्रि पर्व तक राजिम में लगने वाले कुंभ कल्प मेले में अंतरराष्ट्रीय सूर्यवंशी अखाड़े के महामंडलेश्वर अरुण मिश्रा का अपमान किया गया। उन्होंने कहा कि उनकी संस्था देश के 13 अखाड़ों से अलग है। मेला प्रबंधन द्वारा देशभर से साधू-संतों को आमंत्रित किया गया था। उनमें महंत और महामंडलेश्वर का विशेष स्थान दिया गया। हमें भी सम्मान आमंत्रित किया गया। वे अपने अखाड़े से छत्तीसगढ़ के प्रथम एवं एकमात्र महामंडलेश्वर थे। डेढ़ महीने तक वे प्रयागराज महाकुंभ में रहे। वहां से लौटने पर राजिम मेला प्रबंधन द्वारा विशेष सम्मान देते हुए वीआईपी टेंट में निवास और भोजन की व्यवस्था दी गई थी। इस बीच कुछ अखाड़ा परिषदों, सनातनी संस्थाओं और नागा साधुओं से उनकी विशेष चर्चा सत्र का आयोजन भी रखा गया। पं. अरुण मिश्रा ने कहा कि मेला समाप्ति पर कुछ मानदेय व सम्मान राशि दी जाती है, किंतु देखने में यह आया कि हमेशा इस राशि में से प्रबंधन द्वारा कुछ कटौती कर ली जाती है।

इस बात की शिकायत मिलने पर मुखर होकर प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। इसी बात को लेकर प्रबंधन और अनेक अखाड़ा परिषदों, संतों से तीखी बहस हुई, जो बाद में बवाल में बदल गई। नाराज होकर उन्होंने राजिम कुंभ कल्प मेला परिसर छोड़ दिया। इसके बाद कुछ लोगों द्वारा उन्हें बदनाम करने के लिए मीडिया में गलत बयानबाजी की गई। यहां तक कहा कि उनकी गाड़ी से उनके पदनाम की पट्टिका हटवाई गई और उनके बैनर-पोस्टर फाड़ दिए गए। जबकि घटनास्थल पर पंडित मिश्रा का परिवार, मित्र, उनकें शिष्य और भारी संख्या में संतगण भी उपस्थित थे। उन्होंने ऐसा कुछ भी होने से इनकार किया।

## चुनावी वादों को पूरा करना चुनौती से कम नही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव निपट गए अनेकों को निपटा गए अनेकों को संवार गए आखिर इस खेल में क्या क्या खेला होता है समझने दशकों से पंच से सांसद तक चुनाव में सक्रिय रहने वालों संगठन के मजे खिलाड़ियों से हुईं चर्चा का अंश त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रत्याशियों द्वारा लोकलुभावन अनेकों घोषणाओं के साथ निपट गए। परिणाम भी आ गया, प्रमाण पत्र भी मिल गए। इस चुनाव में केवल चुनाव निपटे ऐसा नहीं है और भी बहुत सारी चीज निपट गए जीतने की पूरी उम्मीद वाले हार गए और हारते-हारते प्रत्याशी जीत गए। कई प्रत्याशी तो हार कर अपनी उपस्थिति को लोहा मनवाने में सफल हो गए और बता गए उन्हें कमजोर आंकने की गलती नहीं करे। जीतना बड़ा अच्छा लगता है लेकिन 5 साल के सफर में वादों को पूरा करना किसी अग्नि परीक्षा से कम नहीं।

#### अपनो ने धोखा दिया इसलिए हार हो गई

पंच से विधायक सांसद चुनाव को रूबरू देखने मैनेज करने मंथन करने वाले प्रमोद जैन कहते है कि



विश्वास और विश्वासघात का खेला बहुत होता है। वादा निभाने जीतने वालों की अग्नि परीक्षा तैयार होती है और करारी हार वाले विश्वास घात से दुखी होते है। करारी हार वाले अधिकांश प्रत्याशी हारने के बाद जब चिंतन मनन करते है तो हार के कारण में अपने लोगों का धोखा सामने आता है। कभी दल वाले दिन रात उठ बैठ करने वाले साथी का धोखा और अनेकों बार तो परिवार समझे जाने वाले भी किसी चक्रव्यूह में फंसकर अपने पारिवारिक करीबी प्रत्याशी को ही हरा देते हैं।

#### ओवरकाफिडेंस बना हार का कारण

पंच से सांसद तक चुनावी संगठन में 5 दशक से अधिक समय से चुनावी मैनेजमेंट का लंबा



अनुभव रखने वाले लेखराम साहू कहते है त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव में सरपंच का चुनाव फेस टू फेस जानने वाले मतदाताओं और प्रतिद्वंदी के बीच होने के कारण बहुत कशमकश होता है। प्रत्याशियों के आचार व्यवहार और कूटनीति के तहत यह चुनाव में सफलता असफलता का निर्णय होता है। उन्होंने कहा कि जीतने के परिदृश्य में चर्चित प्रत्याशी ओवरकाफिडेंस के कारण गफलत फहमी में आ जाता है।

#### दुश्मन को भी दोस्त बनाकर चुनाव जीतना कूटनीति का हिस्सा होता है



1977 से ब्लॉक जिला प्रदेश संगठन में लंबे समय तक काम करने के बाद निर्दलीय विधायक चुनाव लड़ चुके निजी चिकित्सक डॉ तेजराम साहू कहते है कि जब प्रत्याशी में जीतने का फितूर सवार होता है तो दुश्मन को भी दोस्त बनाकर विजय श्री को अंगीकार कर लेना चाहते है समय की तकाजा के अनुरूप सफलता और असफलता कदम बढ़ाती है।अनेकों बार तो करारी सफलता का इतिहास भी बन जाता है।उन्होंने कहा कि विधानसभा और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में गणित अलग होता है परिचय की दृष्टि विधायक प्रत्याशी से रूबरू मतदाता नहीं होते व ग्राम पंचायत स्तरीय चुनाव में प्रत्याशी से मतदाता सीधे संपर्क में होते है जानते है पहचानते है।

### पेयजल समस्या को लेकर विधायक ललित ने लिखा पत्र

**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग दुर्ग को पत्राचार के माध्यम से आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए



अवगत कराया दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्रामों में पेय जल की गंभीर समस्या होने के कारण बोर खनन एवं पंप हैंड पंप स्थापित करने की मांग की गई। पेयजल संकट आने वाले गर्मी के समय में और बढ़ जाने का अंदेशा है। गांवों में नल जल योजना के तहत विस्तारित पाइप लाइन क्षतिग्रस्त है तथा कई जगह पानी की टंकी निर्माण अधूरा है, वांछित स्थानों पर पेयजल हेतु बोर खनन एवं पम्प हैंड पंप की स्थापना कराया जाना अति आवश्यक है। क्षेत्र के ग्रामों का सर्वे कर नल जल कार्यों की समीक्षा करे एवं अतिआवश्यक स्थानों पर बोर खनन करे, क्षतीग्रस्थ पाइप बदले।

### धमना में छोड़े गए नंदी देव



**जामगांव आर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम धमना में पशुधन वृद्धि के लिए नंदीदेव (सांड) सार्वजनिक रूप से छोड़ा गया । इस अवसर पर सरपंच लोकेश महलावर, भुवन साहू, देवकुमार साहू, संतु साहू, गजानंद साहू, शिवराज यादव, रग़बार सोनी, लक्ष्मण आदि उपस्थित थे।




## खबर संक्षेप

### हाई कोर्ट ने कहा- पीपी एक्ट के तहत हो कार्रवाई

**भिलाई ।** खुर्सीपार जीई रोड में भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग इंफोर्समेंट अनुभाग द्वारा दिए गए नोटिस और बुलडोजर एक्शन रोकने के लिए अवैध कब्जाधारियों द्वारा बिलासपुर हाई कोर्ट में 24 याचिकाएं लगाई गई थीं। हाई कोर्ट ने पीपी एक्ट 1971 के तहत कार्रवाई करने कहा है। खुर्सीपार में कुल 103 दुकानें हटाई जानी हैं। खुर्सीपार में यह दुकानें प्राइम लोकेशन पर हैं। इस मामले में कोर्ट के आदेश के अनुरूप कार्रवाई हुई तो भिलाई में बड़ा बुलडोजर एक्शन शीघ्र होने की उम्मीद लोग कर रहे हैं। इसमें कई प्रभावशाली लोग भी जद में आ रहे हैं। जो वर्षों से वहां काबिज है। बीएसपी के प्रवर्तन विभाग द्वारा पिछले एक साल से टाउनशिप सहित खुर्सीपार में भी अतिक्रमण हटाने के लिए बेजा कब्जा हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न बीएसपी क्षेत्र में क्वार्टरों सहित जमीन आदि से कई बेजा कब्जा हटाए गए हैं। वहीं कई कब्जाधारियों को नोटिस दिए जाए हैं। कई कब्जाधारियों द्वारा इसका विरोध भी किया जा रहा है। कुछ लोग कोर्ट की शरण में गए हैं।

### बैठक: आईजी ने अभियोजन अधिकारियों को दिया निर्देश

# तकनीकी साक्ष्य पर करें फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

अपराध के दोष मुक्त मामलों को आईजी राम गोपाल गर्ग ने गंभीरता से लेते हुए सभागार कक्ष में रेंज के उप संचालक अभियोजन और लोक अभियोजन अधिकारियों के साथ बातचीत किया। न्यायालय में प्रस्तुत प्रकरणों में दोषमुक्त हुए आरोपियों के मामलों का गंभीरता से लेकर कारण पता किया गया। पुलिस विवेचना में होने वाली त्रुटियों को रोकने, भौतिक साक्ष्य एकत्र करने में सावधानी बरतने, अभियोजन की सफलता दर बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। आईजी ने 'तकनीकी साक्ष्य एकत्र कर प्रस्तुत करने के महत्व पर' विशेष चर्चा की गई। जिससे अभियोजन पहले से अधिक प्रभावी बनाया जा सके। इसमें सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन, साइबर फॉरेंसिक रिपोर्ट, अन्य डिजिटल साक्ष्यों को प्रभावी ढंग से संकलित कर कानूनी प्रक्रिया के अनुरूप प्रस्तुत करने पर चर्चा हुई। तकनीकी साक्ष्यों को केस डायरी का रोल अह्म हिस्सा होता है। आईजी ने विवेचना अधिकारी से कहा गया कि इनका समुचित उपयोग करें। अभियोजन अधिकारियों को निर्देश दिया कि विवेचकों को समय-समय पर कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी जाए। जिससे दोष मुक्ति की संभावना को न्यूनतम किया जा सके। गवाहों के संरक्षण और उनकी विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए रणनीतिक उपायों पर भी चर्चा हुई।

**विवेचना में होने वाली त्रुटियों को रोकने पर दिया जोर**



**दोषमुक्ति की हो संभावना कम**

आई जी गर्ग ने अभियोजन अधिकारियों को निर्देश दिया कि विवेचकों को समय-समय पर कानूनी प्रावधानों की जानकारी भी उपलब्ध कराएं जिससे दोषमुक्ति की संभावना न्यूनतम हो सके।

**बैठक में शामिल हुए रेंज के अधिकारी**

समीक्षा बैठक में जिला अभियोजन अधिकारी दुर्ग अनुरेखा सिंह, उप संचालक अभियोजन बालोद प्रेमेंद्र बैसवाड़े, उप संचालक अभियोजन बेमेतरा अपर्णा अग्रवाल, एएसपी बेमेतरा ज्योति सिंह, एएसपी पदमश्री तंवर, बालोद अशोक जोशी, उप निरीक्षक राज कुमार प्रधान, सहायक उप निरीक्षक हेमंत त्रिपाठी, डाटा एंट्री ऑपरेटर तेजस्वी गौतम समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## बीएसपी में सुरक्षा जागरुकता बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से बैठक का आयोजन एचआरडी सेंटर में किया गया। सुरक्षा अभियंत्रिकी विभाग द्वारा आयोजित बैठक की अध्यक्षता उपसंचालक औद्योगिक स्वास्थ्य आशुतोष पाण्डेय ने की। संयंत्र के कारखाना प्रबंधकों और सुरक्षा अधिकारियों हेतु आयोजित इस बैठक में कुल 80 अधिकारियों ने भाग लिया। श्री पाण्डेय ने ठेका श्रमिकों के लिए विशिष्ट कार्य सुरक्षा प्रशिक्षण की अनिवार्यता की बात की और सुरक्षा अधिकारियों को कैपिटल रिपेयर और शट-डाउन की जानकारी रखने की आवश्यकता को रेखांकित किया। वर्क-परमिट सिस्टम के अनिवार्य रूप से लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि कार्यस्थल पर सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण की अनिवार्यता, योग्य सुरक्षा अधिकारियों की नियुक्ति और कार्य के दौरान उचित सुपरविजन को सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। बैठक के दौरान संयंत्र में कार्यरत क्रेनों के सही अनुरक्षण, गैस पाइपलाइन से संबंधित सुरक्षित कार्य पद्धतियों का पालन और वैगन से लोडिंग कार्य में सुरक्षा के उपायों और प्रेसर-वेसल्स की टेस्टिंग सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गई। एमएएच यूनिट्स में एमएसडीएस की जानकारी और विण्ड शॉप्स के उचित रखरखाव को लेकर भी सुरक्षा उपायों पर प्रकाश डाला गया। महाप्रबंधक प्रभारी एस के अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## बछड़ों की मौत के मामले में गौठान संचालक के खिलाफ जुर्म दर्ज



**भिलाई।** गोठान के बछड़ों को कुत्तों ने नोच-नोचकर काटने के मामले में पुलिस ने पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960, 11(2),325 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि 27 फरवरी को भिलाई नगर स्थित गोठान में बछडों के लिए सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से आवारा कुत्तो के द्वारा बछड़ो को नोच-नोच कर काटा गया। गोठान प्रबंधन द्वारा बछड़ों के लिए कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने के कारण ही घटना होने की बात सामने आई है। इसे लेकर हाउसिंग बोर्ड निवासी पवन केसवानी ने घटना की लिखित शिकायत सुपेला पुलिस थाने में किया। उसके बाद पुलिस हरकत में आते हुए गौठान संचालक कोसानगर सुपेला के खिलाफ कार्रवाई की गई है। शिकायत में बताया गया है कि संचालित कोसानगर भिलाई के गौठान मे गौवंश को प्रताडित किया गया। यह गौठान नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा संचालित है। आवारा कुत्तो से जानबुझकर शिकार करवाते हुए चार बछडे और तीन गायो को वध कराया गया। कोसानगर गौठान नगर पालिक निगम भिलाई के जोन 1 के आयुक्त अजय सिंह राजपुत के देखरेख में दो विभिन्न एनजीओ के प्रमुख सदस्य रेखा बघेल, शोभूराम साहू के माध्यम से संचालित कराया जाता है।

- सुपेला पुलिस थाना क्षेत्र की है घटना

### चारा पानी के अभाव में गौवंशों की दुर्दशा

शिकायत में पवन केसवानी ने पुलिस को बताया है कि गौवंश को जानबूझकरअपर्याप्त शेड, चारा, पानी के अभाव में प्रताडित कर यहां रखा जाता है। जिसके कारण तेज धुप, भुख और प्यास से नियमित रूप से गौवंश का वध किया जाता रहा है। 27 फरवरी की देर रात जानबूझकर 7 ऐसे गौवंश की वध करवाने के लिये आवारा कुत्तो को गौठान मे प्रवेश होने से नही रोका गया। जिससे बछडे और अन्य तीन मवेशी को आवारा कुत्तो के हमले से वध होने दिया गया।

### सेवानिवृत्ति पर अधिकारियों और कर्मियों को दी विदाई


**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से फरवरी माह में 66 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। इसमें खदान के 7 सदस्यों सहित 9 कार्यपालक व 50 गैर-कार्यपालक शामिल हैं। सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों के लिए विदाई समारोह का आयोजन इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में किया गया। निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता और कार्यपालक निदेशक पवन कुमार तथा सेफी चेयरमेन व ओए-बीएसपी के अध्यक्ष एनके बंछोर ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया तथा उनके कार्यकाल की सराहना की।









हरिभूमि लाइव
रायपुर, शनिवार 1 मार्च 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 9755819129





स्किनी ट्रेंड

## लाइव इवेंट

## एशियन कबड्डी चैंपियनशिप में संजीव देवी भारत का पहली बार करेंगी प्रतिनिधित्व



**भिलाई।** प्रदेश की बेटी संजीव देवी को एशियन कबड्डी चैंपियनशिप 2025 के लिए भारतीय टीम के लिए चयनित किया गया है। राज्य प्रशिक्षण केंद्र बहतराई बिलासपुर (खेल एवं युवा कल्याण विभाग) की बालिका अकेडमी की खिलाड़ी हैं। प्रतियोगिता 4 से 9 मार्च तक ईरान के तेहरान में आयोजित होगी, जिसमें भारत समेत नेपाल, थाईलैंड, ईरान, इराक, बांग्लादेश और मलेशिया जैसी टीमें भाग लेंगी। छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के अध्यक्ष शशिकांत बघेल ने संजीव देवी के चयन को प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धी बताया। उन्होंने कहा यह हमारे लिए बेहद गर्व की बात है कि छत्तीसगढ़ की बेटी संजीव देवी भारतीय कबड्डी टीम का हिस्सा बनी हैं। हमें पूरा विश्वास है कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करेंगी और प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

### छत्तीसगढ़ में बढ़ता कबड्डी का प्रभाव

बघेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ में कबड्डी को लेकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह है। प्रदेश के कई खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। जिससे कबड्डी का कद और बढ़ रहा है। संजीव देवी के इस चयन से निश्चित रूप से प्रदेश के उभरते खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा। वे भी देश के लिए खेलने का सपना देख सकेंगे। अब सबकी निगाहें 4 से 9 मार्च तक ईरान में होने वाली चैंपियनशिप पर टिकी हैं, जहां भारत एक बार फिर से अपना दबदबा कायम रखने की कोशिश करेगा।

## सिटी इवेंट

## ग्रेज्युएट स्टूडेंट्स को करियर से जुड़े टिप्स दिए, कहा- सफलता के लिए लक्ष्य तय करना जरूरी



**भिलाई।** सेंट थॉमस कॉलेज ने 2024-25 शैक्षणिक वर्ष के स्नातक छात्रों के लिए बड़े गर्व और हर्ष के साथ विदाई समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर कॉलेज के प्रशासक रेव. फादर डॉ. पीएस वर्गीस, प्राचार्य डॉ. एमजी रोईमोन, उप-प्राचार्य डॉ. जेम्स मैथ्यू, अकादमिक डीन डॉ. देबजानी मुखर्जी, संकाय सदस्य और छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. जेम्स मैथ्यू ने सम्मानित अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एमजी रोईमोन ने कहा कि छात्रों ने इस प्रतिष्ठित संस्थान का हिस्सा बनकर इसे गौरवान्वित किया। उन्होंने सभी छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। डॉ. वर्गीस ने कॉलेज में उपलब्ध विभिन्न पीजी पाठ्यक्रमों और अत्याधुनिक सुविधाओं पर प्रकाश डाला, जो छात्रों को उन्नत करियर विकास के अवसर प्रदान करते हैं। डॉ. देबजानी मुखर्जी डीन अकादमिक और डॉ. जयश्री बालासुब्रमण्यम प्रमुख, पीजी विभाग प्राणीशास्त्र ने भी अपने प्रेरणादायक शब्दों से छात्रों को मार्गदर्शन दिया। कला, विज्ञान, वाणिज्य और कंप्यूटर विज्ञान विभाग के छात्रों ने कॉलेज में अपने अनुभव, विचार और यादें साझा की। स्नातक छात्रों को स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। डॉ. सपना शर्मा प्रमुख पीजी विभाग वाणिज्य ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। डॉ. सुजाता कोले सहायक प्रोफेसर पीजी विभाग अंग्रेजी ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## लोटस ट्रॉफी फुटबाल प्रतियोगिता में डब्लूआरएस बना विजेता



**भिलाई।** न्यू मशाल फुटबाल क्लब भिलाई तीन के द्वारा मिनी स्टेडियम में लोटस ट्राफी प्रतियोगिता का आठ दिवसीय रात्रिकालीन आयोजन किया गया। इसके सातवे दिन चार सेमीफाइनल खेले गए जिसमें 40 प्लस के दो टीम और ओपन की दो टीम में खेली गई। 40 प्लस के पहले सेमीफाइनल रायपुर और बीएमवाई के मध्य खेला गया। जिसमें रायपुर ने बीएमवाई को 2-1 से पराजित किया। दूसरा मैच यूनिक क्लब भिलाई हुआ रायपुर के मध्य खेला गया। जिसमें की रायपुर में यूनिक क्लब को 1-0 से पराजित किया। ओपन का दूसरा मैच रायपुर वर्सेस डब्लू आरएस के मध्य खेला गया। जिसमें की टाई ब्रेकर के माध्यम से डब्लू आरएस ने 5-4 से विजेता घोषित हुई। उसके बाद चौथ सेमीफाइनल मैच रोवर्स वर्सेस कोरबा के मध्य खेला गया। जिसमें कोरबा ने रोवर्स को 5-3 से टाई ब्रेकर में पराजित किया। यह मैच है बहुत रोमांचक रहे मैच को शुभारंभ प्रदेश कार्य समिति भाजपा युवा मोर्चा सदस्य मनीष पांडे ने किया। उन्होंने कहा कि खेल जीवन का आधार है और खेल के माध्यम से ही आप अपने जीवन को सुधार सकते हैं। फुटबॉल एक ऊर्जा का खेल है क्योंकि बिना ऊर्जा के फुटबॉल नहीं खेली जा सकती। मंच पर केके तिवारी,प्रशांत अकांत, वेंकट प्रसाद,गुलशन ढींढे, वाई नारायण राव मौजूद थे। इस अवसर पर न्यू मशाल क्लब के संरक्षक प्रेमलाल साहू, अध्यक्ष दीपक थापा, सचिव संजय सिंह, सुरेश राउत, ज्ञान दास मानिकपुरी, दयादास साहू आदि मौजूद थे।

● राष्ट्रीय विज्ञान दिवस : साइंस कॉलेज में कार्यशाला, विज्ञान से जुड़े इनोवेशन की प्रदर्शनी भी लगाई

# दैनिक जीवन में विज्ञान का सही उपयोग जरूरी, गलत इस्तेमाल से बचना चाहिए, रिसर्च में युवाओं की भूमिका अहम : डॉ. पाण्डेय



एमेटी विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ. पीयूषकांत पाण्डेय शुक्रवार को दुर्ग में थे। वे राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर साइंस कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल हुए। उन्होंने कहा कि विज्ञान का दैनिक जीवन में संधृत उपयोग आवश्यक है। विज्ञान का सदैव जीवन में रचनात्मक कार्यों में प्रयोग होना चाहिए, परंतु कुछ लोग स्वार्थ की खातिर विज्ञान का गलत उपयोग कर समाज के विरूध्द कार्य करते हैं। हमें इनसे बचना चाहिए। डॉ. पाण्डेय ने कार्यक्रमों के विजेताओं को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष विज्ञान दिवस की थीम विकसित भारत हेतु विज्ञान एवं अन्वेषण है। इसमें युवाओं की भूमिका अहम है।

**भिलाई।** डॉ. पाण्डेय ने कहा कि आज का दिन हम सभी भारतवासियों के लिये गर्व का है, क्योंकि आज हमारे भारतीय मूल के वैज्ञानिक डॉ. सीवी रमन को नोबल पुरूस्कार प्राप्त हुआ था। डॉ. पाण्डेय ने बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान के सिध्दांतों को रटने के स्थान पर समझने का प्रयत्न करें। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि बेसिक साइंस का महत्व सदैव रहा है और आगे भी रहेगा उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र-छात्रा को बेसिक विज्ञान से जुड़ने का प्रयास करना चाहिए। इससे पूर्व कार्यक्रम की संयोजक डॉ. जगजीत कौर सलूजा ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में दो दिवसीय कार्यकमों की श्रृखंला आयोजित की गई, इनमें विद्यार्थियों हेतु ग्रीन टेक्नालॉजी पर आधारित ड्राइंग प्रतियोगिता तथा विकसित भारत हेतु विज्ञान एवं अन्वेषण विषय पर क्विज प्रतियोगिता शामिल है। इन दोनों प्रतियोगिताओं में लगभग 150 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं के द्वितीय चरण में स्नातकोत्तर विद्यार्थियों तथा शोध छात्र-छात्राओं हेतु आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में लगभग 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।



### विज्ञान दिवस थीम पर केंद्रीय कार्यक्रम की प्रस्तुति ने बटोरी प्रशंसा

इसका भी विषय विकसित भारत हेतु विज्ञान एवं अन्वेषण विषय पर मौखिक प्रस्तुतिकरण प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के स्नातकोत्तर एवं शोध छात्र-छात्राओं ने विज्ञान दिवस की थीम पर केन्द्रित शानदार प्रस्तुति दी। विज्ञान दिवस के अवसर पर आईआईटी भिलाई भौतिक के विभागाध्यक्ष सुधावना पात्रा ने आमंत्रित व्याख्यान दिया। ड्राइंग प्रतियोगिता में चंचल साहू प्रथम, किंजल देवांगन एवं शशि ठाकुर द्वितीय तथा गीतांजलि ध्रुव एवं लुकेश्वरी ठाकुर तृतीय स्थान पर रहे। क्विज प्रतियोगिता में टीम बी. भास्कराचार्य प्रथम तथा टीम सी. चरक एवं टीम डी. नागार्जुन तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार टीम ई. वराह मीहीर ने 55 अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर द्रोण चन्द्राकर, समूह द्वितीय स्थान पर चन्द्र शेखर एवं समूह एवं बरसा साहू रिसर्च स्कॉलर केमेस्ट्री एवं तृतीय स्थान पर देवेन्द्र निर्मलकर रहें।





### समापन समारोह में विजेता प्रतिभागी हुए सम्मानित

समापन समारोह में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी एवं डॉ. सुनीता बी. मैथ्यू ने किया। विज्ञान दिवस प्रतियोगिताओं के आयोजन में संयोजक के रूप में डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. एस.डी. देशमुख, डॉ. प्राची सिंह, डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी, डॉ. सुनीता बी. मैथ्यू, डॉ. अलका मिश्रा तथा सदस्य के रूप में डॉ. सीतेश्वरी चन्द्राकर, डॉ. संजू सिन्हा, डॉ. श्वेता पाण्डेय, डॉ. मोतीराम साहू, डॉ. कुसुमांजलि देशमुख, डॉ. विजय लक्ष्मी नायडू, डॉ. सतीष कुमार सेन, डॉ. सुदेश साहू, डॉ. मौसमी डे तथा डॉ. श्रीराम कुंजाम एवं समस्त अतिथि प्राध्यापकों का उल्लेखनीय योगदान रहा। प्रतियोगिताओं में निर्णायक के रूप में डीपीएस भिलाई की डॉ. सुनीता वर्मा, डीपीसएस दुर्ग के मोहन बराल, भिलाई महिला महाविद्यालय की डॉ. भावना पाण्डेय बीआईटी दुर्ग के डॉ. संतोष सार तथा शासकीय महाविद्यालय खुर्सीपार की डॉ. पूर्णिमा सेठ, शासकीय महाविद्यालय बोरी की डॉ. मीना चक्रवर्ती तथा शासकीय महाविद्यालय जामुल के प्राचार्य डॉ. आरएस सिंह शामिल थे।

## आनंद सरोवर में शिव दर्शन मेला अब 4 मार्च तक, राम लला के दर्शन को पहुंचे सांसद बघेल

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में शिव दर्शन आध्यात्मिक मेले का समापन हुआ, लेकिन चैतन्य झांकी के दर्शन अब भी 4 मार्च तक होते रहेंगे। आयोजन में सांसद विजय बघेल, चेंबर ऑफ कामर्स महिला इकाई की अध्यक्ष पायल जैन, डॉ. निर्मला गुप्ता प्रमुख रूप से शामिल हुईं। संस्थान की प्रमुख रीटा बहन भी आयोजन में मौजूद थीं। उन्होंने बताया कि दुर्ग शहर में प्रथम बार अयोध्या के राम मंदिर की चैतन्य झांकी लगाई गई थी। इसके अलावा इस मेले में आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी बच्चों के लिए मूल्य निष्ठ खेल 45 फीट ऊंचा शिवलिंग शिव शंकर का अद्भुत रहस्य चैतन्य शंकर की झांकी मुख्य आकर्षण रहा। रीटा बहन ने बताया यह झांकी पहले 19 से 27 फरवरी तक थी, किंतु अयोध्या के राम मंदिर व चैतन्य प्रतीत होती रामलाल की मूर्ति को देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ बहुत आ रही है।



इसलिए यह मेला 4 मार्च तक बढ़ा दिया गया है। प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 10 बजे और शाम को 5 बजे से रात 10 बजे तक भक्त दर्शन कर सकेंगे।

## कल्याण कॉलेज में वार्षिक स्नेह सम्मेलन और पुरस्कार वितरण समारोह आज

**भिलाई।** सेक्टर-7 स्थित कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक मार्च को वार्षिक स्नेह सम्मेलन और खेलकूद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न खेल स्पर्धाओं में बाजी मार चुके खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। मेधावी विद्यार्थी भी पुरस्कृत किए जाएंगे। छात्र और छात्राओं द्वारा अनेक विधाओं में प्रस्तुति दी जाएगी। समूह और एकल नाट्य, समूह और एकल नृत्य के साथ ही विविध आयोजन में विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे।

महाविद्यालय परिसर में सुबह 10 बजे से होने वाले आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी, सांसद विजय बघेल, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। इस मौके पर कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, शोधार्थी, खिलाड़ी व अन्य भी शामिल होंगे।

शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय दुर्ग का शपथ ग्रहण समारोह कला मंदिर में आयोजित

# स्वस्थ समाज में नर्सिंग की भूमिका अहम, नर्सें मानवता की भलाई के लिए करती हैं काम : आयुक्त

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय दुर्ग का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौड़ थे। सभी नर्सिंग छात्राओं को भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वस्थ्य समाज के निर्माण में नर्सिंग की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। हर नर्स समूची मानवता की भलाई के लिए कार्य करती हैं। उन्होंने छात्राओं का आह्वान किया कि अगले 4 साल पूरे मनोयोग से अपनी पढ़ाई पूरी करें और इसके बाद एक स्वस्थ्य व सुखी समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। विशिष्ट अतिथि चंदूलाल चंद्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दुर्ग की अधिष्ठाता डॉ. तृप्ति नागरिया ने लैम्प लाइटिंग के महत्व पर रोशनी डालते हुए कहा कि जिस तरह एक दीपक खुद जल कर रोशनी फैलाता है, ठीक वैसा ही नर्सिंग का पेशा है, जिसमें इस क्षेत्र में आने वाले अपना विशिष्ट योगदान देते हैं।



### नर्सिंग करियर में योगदान को किया परिभाषित

चंदूलाल चंद्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय, दुर्ग की संयुक्त संचालक एवं मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. जयंती चंद्राकर ने कहा कि रामायण में लंका विजय से पहले समुद्र पर पुल निर्माण के दौरान जिस तरह गिलहरी ने बहुत छोटा ही सही लेकिन महत्वपूर्ण योगदान दिया था, ठीक वैसा ही हमें नर्सिंग करियर में समाज में अपना योगदान देना होता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नर्सिंग के पेशे में आने के बाद हमारी छात्राओं का समाज और मानवता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमा राजेश, प्राचार्या शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय ने किया। शिक्षिकाएं वंदना चौहान, सपना ठाकुर उपस्थित रहीं।

### वेबसाइट लांच, हुई सांस्कृतिक प्रस्तुति

इस अवसर पर संभागायुक्त सत्यनारायण राठौड़ ने महाविद्यालय की अपडेटेड वेबसाईट लांच की। वहीं नर्सिंग छात्राओं ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। जिसमें देशभक्ति गीत-संगीत के अलावा गणेश वंदना उल्लेखनीय रही। आज राष्ट्रीय कान्फ्रेंस, चार्ट-मॉडल प्रदर्शित होंगे और रील्स प्रतियोगिता भी आयोजन की कड़ी में शासकीय नर्सिंग कॉलेज दुर्ग की ओर से तीसरी राष्ट्रीय कांफ्रेंस (हाइब्रिड मोड पर) शनिवार एक मार्च को रखी गई है। इसमें सुबह 9 से शाम 4 तक चार अलग-अलग वैज्ञानिक सत्र होंगे। शाम 4 बजे समापन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।



## सिटी इवेंट

### एआई लर्निंग रोबोटिक्स की कार्यशाला में बताया महत्व



**भिलाई।** शासकीय डॉ. वामन वासुदेव कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में कौशल विकास प्रकोष्ठ एवं यंग इण्डिया दुर्ग के तत्वावधान में बिल्डिंग ए में स्ट्रांग फाइनेन्स कॅरियर विथ ए आई फ्राम रिश्यूमस् टू जॉब्स पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रंजना श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में आर्टिफिसियल इन्टेलिजेन्स मशीन लर्निंग रोबोटिक्स का महत्व बताते हुए छात्राओं को इसकी आवश्यक जानकारी अर्जित करने को कहा। प्रभारी डॉ रेशमा लाकेश ने बताया कि महाविद्यालयीन कौशल विकास प्रकोष्ठ द्वारा लगातार छात्राओं को नवीन तकनीक से अपडेट किया जाता है, जिसके तहत इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। यंग इण्डिया दुर्ग के सूरज सोनी, चाटर्ड एकांउटेंट द्वारा छात्राओं को आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स का उपयोग कर सशक्त कैरियर बनाने के साथ ही विभिन्न रोजगार एवं रेसीयुम आदि में करने की बारीकियों से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों ने बताया कि यह कार्यशाला काफी रोचक रही। कार्यशाला में हर्ष जैन, वेदान्त कनीबर एवं लगभग 200 छात्राओं की भागीदारी रही। कार्यशाला का संचालन शिल्पा सुराना और आभार व्यक्त स्वप्निल श्रीवास्तव ने किया।

- कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में कौशल विकास प्रकोष्ठ का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



## धर्म लाइव

### सेलिब्रिटी सिंगर ने दी मधुर संगीत की प्रस्तुति, झूमे भक्त



**भिलाई।** महाशिवरात्री के अवसर पर रोटरी क्लब भिलाई पिनाकल एवं रास गरबा डांडिया समिति द्वारा सेक्टर-7 डांडिया ग्राउंड में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। रास गरबा डांडिया समिति एवं रोटरी क्लब ऑफ़ भिलाई पिनाकल के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम की शुरुआत महाकाल के रुद्राभिषेक से की गई थी। जिसके बाद महाआरती, शिव तांडव, लेजर शो, सेलिब्रिटी सिंगर अगम अग्रवाल एवं शेखर जयसवाल द्वारा मधुर संगीत की प्रस्तुति दी गयी, जिसे वहां उपस्थित शहर वासियों ने बहुत सराहा एवं शिव की भक्ति में लीन हो गए। समिति ने सभी को धन्यवाद देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में शहर के प्रतिष्ठित लोगो के साथ बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए एवं कार्यक्रम में बाबा के भजनों का आनंद लिया।

## समाज इवेंट

### ऑल इंडिया नातिया मुशायरे में रोचक तकरीरें, लंगर भी हुआ





**दुर्ग।** बाबा अब्दुल रहमान काबुली शाह रहमतुल्लाह शाबान उर्स पाक कमेटी ने उर्स पाक में पहली बार ऑल इंडिया नातिया मुशायरा का आयोजन किया। इसमें अकोला, अमरावती, कामठी, नागपुर और रायपुर के शायरों ने हिस्सा लिया और मुशायरे को सफल बनाया। उर्स पाक कमेटी के अध्यक्ष अफजल पूर्व पार्षद, आफताब रब और नासिर इम्तियाज ने शायरों को बुलाने की जिम्मेदारी एमजेएफ लायन इंटरनेशनल साहित्यकार डॉ. रौनक जमाल को दी, जिसे उन्होंने बखूबी निभाया। मुशायरा साढ़े दस बजे शुरू हुआ और रात दो बजे ख़त्म हुआ। शायरों का स्वागत अफजल, आफताब रब, मश रब, नासिर इम्तियाज ने किया। डॉ. रौनक जमाल ने शॉल भेंट कर स्वागत किया। सांसद विजय बघेल, वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज, दुर्ग के उद्योगपति कैलाश जैन बर्मेचा, पार्षद साजन जोसेफ सहित अन्य मौजूद थे। उर्स पाक कमेटी ने उन्हें फूल माला पहनाकर और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उर्स के तीसरे दिन चादर पोशी की जाएगी। साथ ही आम लंगर लगाया जाएगा। नातिया मुशायरे की अध्यक्षता बशीर पटेल बिशार अमरावती ने की। डॉ. जावेद पहलकी, अज़हर रशीद, डॉ. जाहिद नायर, हफीज जावेद, रिजवान रिजवी, इमरान आसिफ, सादिक जमां, यूसुफ अशरफी और इरफान ने रोचक तकरीरें हुईं।

- बाबा अब्दुल रहमान काबुली शाह की दरबार में उर्स पाक का आयोजन

● छग लोक संस्कृति की झलक दिखाने वाले भित्ति चित्र हो गए थे लुप्त, लौट रही रौनक

# रंग-बिरंगी तितली, मोर, ऊंट और मॉडर्न आर्ट की खूबसूरत चित्रकारी कर रही आकर्षित, तालपुरी की चहारदीवारी होने लगी रंगीन

भिलाई। ट्विनसिटी का एक महत्वपूर्ण हिस्से तालपुरी में रहने वाले लोगो की सुबह अब खुशनुमा हो गई है। जहां लोग पहले मार्निंग वॉक में जाते हुए क्षेत्र की बाउड्रीवॉल में लगे गोबर और उसकी बदबू से परेशान होते थे, तो वही अब उन्ही दिवालों पर बन रही रंग-बिरंगी खूबसूरत चित्रकारी लोगो का मन मोह रही है। कमल, बतख, फूलदार पौधे, हिरण, पक्षी, तितली, मोर, ऊंट तथा मॉडर्न आर्ट की बेहद खूबसूरत पेंटिंग बच्चों को भी आकर्षित कर रही है और बच्चे इस सुंदर दिवाल के चारो तरफ सायकल चलाते हुए भी दिख रहे है। तालपुरी बी ब्लॉक की चहारदीवारी पर अब सुंदर चित्रकारी दिखाई दे रही है। इस काम में मधु ग्रुप के आठ आर्टिस्ट लगे हुए हैं, फिलहाल ये लगभग तीन सौ मीटर लंबी चहारदीवारी पर चित्र उकेर रहे हैं। बाद में इसके अन्य हिस्से पर चित्रकारी की जायेगी। चित्रकारी का काम पूरा होने के बाद इस पर लाइटिंग भी होगी। चहारदीवारी पर छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति और विरासत को दर्शाने के साथ-साथ जल संरक्षण और पेड़ों को बचाने का संदेश भी दिया गया है। इसके अलावा इस पर कमल, बतख, फूलदार पौधे, हिरण, पक्षी, तितली, मोर, ऊंट तथा मॉडर्न आर्ट की बेहद खूबसूरत पेंटिंग बनाई गई है।





### अब नहीं लगेंगे गोबर के ढेर



पार्षद सविता ढवस ने कहा कि पेवरब्लाक लगने से अब गोबर के ढेर नहीं लगेंगे। निगम की इस पहल को स्वच्छता की ओर एक बताते हुए कहा कि क्षेत्र का सौंदर्यीकरण, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, उद्यानों का रखाव, सफाई तथा बुनियादी जरूरतें हमारी प्राथमिकताओं में हैं। दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए हाल ही में कॉलोनी के पहुंच मार्ग पर ब्रेकर भी बनाए गए हैं, जिससे यातायात सुगम हो गया है। सौंदर्यीकरण के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया।

### कॉलोनीवासियों ने ली राहत की सांस

मांग पूरी होने से गोबर की बदबू से परेशान कॉलोनीवासियों ने अब राहत की सांस ली है। तालपुरी के ऑर्किड मैदान में हाई मास्ट लाइट के उद्घाटन के अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने गोबर की समस्या से निजात दिलाने का आश्वासन दिया था। विधायक की पहल तथा पार्षद सविता ढवस की सक्रियता से क्षेत्र का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। गोबर को हटाकर पेवरब्लाक लगाने की के लिए 18 लाख 76 हजार रुपए स्वीकृत भी हुई थी। इस दिवाल को देखकर लोग खुश दिखाई दे रहे है क्योकि गोबर से आने वाली बदबू से राहत मिली और दिवाल पर सुंदर चित्रकारी आखों को सूकून दे रही है।

### छत्तीसगढ़ के बने भित्ति चित्र हो गए थे लुप्त, हुआ कायाकल्प



रंग-रोगन से पहले गोबर के ढेर होने के कारण चहारदीवारी पर बने छत्तीसगढ़ लोक संस्कृति की झलक दिखाने वाले भित्ति चित्र लुप्त हो गए थे, अब इस दिवाल की रौनक फिर से लौट आई है। चहारदीवारी का कायाकल्प होने से पहले यह गोबर से सनी हुई थी। कई बार शिकायत करने के बाद रिसाली नगर निगम ने अब इसके सौदर्यीकरण की सुध ली। पंथी चौक से इस ब्लॉक के मैनगेट तक की चहारदीवारी के आसपास लगे गोबर के बड़े-बड़े ढेरों के उठाव के लिए पिछले पांच वर्षों से मांग की जा रही थी, जो अब जाकर पूरी हुई।

**तालपुरी की चहारदीवारी की रौनक खूबसूरत चित्रकारी से फिर लौटी**



## समापन...

### तमिलनाडु के आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार से महारुद्रम अनुष्ठान में दी पूर्णाहूति



**भिलाई।** महाशिवरात्रि के अवसर पर स्कंद आश्रम हुडको में महारुद्रम अनुष्ठान का आयोजन किया गया था। जिसका समापन विधि-विधान से अनुष्ठान कर किया गया। इस पांच दिवसीय आयोजन में रोज विभिन्न मनोकामना पूर्ति के लिए सभी अनुष्ठान वैदिक विधि से दक्षिण भारतीय विद्वान पंडितो द्वारा संपन्न कराये गए। महाशिवरात्रि पर्व का यह 16वां वर्ष था। यह महारुद्रम जाप, अभिषेकम लगातार 23 फरवरी से शुरु होकर 27 फरवरी तक दोपहर को 2 बजे हवन के साथ संपन्न हुआ। स्कंद आश्रम हुड़को भिलाई के इस महाशिवरात्रि पर्व पर विशेष गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति देकर अनुष्ठान में आहूति दी और भगवान से आशिर्वाद लिया। इस दौरान काफी बड़ी अधिक संख्या में आश्रम से जुड़े भक्त भी उपस्थित रहे। पंडितों ने बताया कि महारुद्रम सर्वशक्तिमान अरब ब्रह्म भगवान शिव से प्रार्थना करने का एक अनूठा अनुष्ठान है। इस रूद्रभिषेक में 11 वेदाचायों द्वारा एक बार रूद्रम चमकम जाप 11 बार किया जाता है। एकादशी रुद्राभिषेक में 11 वेदाचार्यों द्वारा 121 बार किया जाता है। महारूद्रम के अंर्तगत 11 वेदाचार्यों द्वारा 11 बार 11 काल में रूद्रम एवं चमकम का जाप 1331 बार किया जाता है। जिसे दक्षिण भारत के सुप्रसिद्ध आचार्य इरोड तमिलनाडु के सप्तगिरि सस्त्रिगल के नेतृत्व में वैदिक विद्वानों की टीम द्वारा एवं ब्रम्हलीन आचार्य मणिस्वामी को समर्पित यह पांच दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया गया था। इस दौरान प्रतिदिन भोग और भंडारे का भी आयोजन किया गया था। जिसका हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

**स्कंद आश्रम हुडको में हुआ आयोजन का 16वां वर्ष**



## कन्या महाविद्यालय में मिलन समारोह

### पीएससी, यूजीसी और स्टार्टअप में सफलता अर्जित करने वाली भूतपूर्व छात्राएं हुईं सम्मानित



**भिलाई।** शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में भूतपूर्व छात्राओं का मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने महाविद्यालय को गौरान्वित करने वाली छात्राओं को बधाई देते हुए सम्मानित किया। उन्होंने ने बताया कि हमारी छात्राएं समाज में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं देते हुए महाविद्यालय का नाम रौशन कर रही है।

प्रभारी प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश ने कहा कि हर वर्ष ये आयोजन किया जाता है। वैसे तो भूतपूर्व छात्राएं हमेशा ही विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जुड़ी रहती है परंतु इस समारोह का सभी को इंतज़ार रहता है। भूतपूर्व छात्रासंघ लगातार महाविद्यालय विकास में अपना सहयोग देता रहता है। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में पीएससी, यूजीसी नेट, जेआरएफ, स्टार्टअप आदि में सफलता अर्जित करने वाली पूजा सोढ़ा, रेखा कश्यप, श्वेता साव, छाया साहू, रश्मि लहरे, श्वेता ध्रुव, डॉ. रिमशा लाकेश, प्रेरणा शर्मा, नेहा यादव, तबस्सुम अली, प्रेमला भरणे को सम्मानित किया गया। इस दौरान उपस्थित भूतपूर्व छात्राओं के समक्ष वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अमिता सहगल, डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल, डॉ. येशेश्वरी ध्रुव, डॉ. मोनिया राकेश सिंह एवं वंदना बंजारे ने अपनी अभिव्यक्ति दी। इस मिलन समारोह के अवसर पर वर्तमान छात्राओं एवं भूतपूर्व छात्राओं ने अपने अनुभव व्यक्त किए साथ ही नृत्य और गीत की प्रस्तुति भी दी। भूतपूर्व छात्रा डॉ. यशेश्वरी ध्रुव 25000, डॉ. रेशमा लाकेश 15000, ज्योति भरणे 11000 और डॉ. मोनिया राकेश सिंह 10000 छात्रा कौशल विकास कार्यक्रम के लिए सहयोग राशि प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन तबस्सुम अली और सभी का आभार व्यक्त ज्योति भरने द्वारा किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। पुराने छात्राओं ने प्राध्यापकों से अपने अनुभव शेयर किए। करियर गाइडेंस का लिया। भविष्य में की जाने वाली पढ़ाई को लेकर भी प्राध्यापकों को छात्राओं ने अवगत कराया।

**कॉलेज की पुरानी छात्राओं को जोड़ने के लिए अनोखी पहल**

## नव निर्वाचित पार्षद ने वरिष्ठजनों का किया सम्मान

# श्री सत्तीश्वर महादेव की पूजा कर वितरित किया महाभोग, भजन संध्या में बाबा की भक्ति में डूबे भक्त

**भजन संध्या पर देर रात तक थिरकते रहे भक्त**

**कार्नर न्यूज**

दुर्ग। गंजपारा दुर्ग में महाशिवरात्रि के अवसर पर विभिन्न धार्मिक सामाजिक आयोजन आयोजित किये गए। जिसमें दोपहर 12 बजे से देर रात्रि तक सत्तीचौरा के मुख्य मार्ग से आने जाने वाले सभी नागरिकों को प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान लगभग 5 हजार से अधिक भक्तों को पोहा, भजिया, पुलाव, फल के प्रसाद वितरण किया गया। गंजपारा वार्ड 36 की नवनिर्वाचित पार्षद प्रतिभा सुरेश गुप्ता ने महाशिवरात्रि के अवसर पर अपने वार्ड के सदस्यों का सम्मान किया।



### विभिन्न द्रव्यों से किया शिव अभिषेक

राहुल शर्मा ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर गंजपारा में दोपहर 3 बजे से श्री सत्तीश्वर महादेव सत्तीचौरा मे बाबा भोलेनाथ का वहां के निवासियों द्वारा महाभिषेक किया गया। जिसमें पंडित सुनील पांडे ने मंत्रोच्चार के सभी प्रकार की औषधि जड़ी बूटी से अभिषेक करवाया। शाम 7 बजे गंजपारा में संगीत संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें गुलाब चौहान एवं उनकी टीम ने देर रात्रि तक समां बनाये रखा। कार्यक्रम के बीच मे पार्षद प्रतिभा सुरेश गुप्ता ने अपने वार्ड के विशिष्ठ जनों का शॉल और श्रीफल से सम्मान किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से गंजपारा के वायु योद्धा विठ्ठल दास भूतड़ा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचलान अजय शर्मा और आभार प्रदर्शन प्रतिभा गुप्ता ने किया।

### भजन संध्या का लिया आनंद

कार्यक्रम में प्रवीण भूतड़ा, चेतन जैन, पिंकी गुप्ता, सूर्यमणि मिश्रा, लखन गौड़, राजू पुरोहित, शब्बू, पाकीजा, रियाज चौहान, राजेश शर्मा, गोपाल शर्मा, सरवर चौहान, सलीम खान, अख्तर खान, ललित शर्मा, आदित्य नारंग, प्रकाश कश्यप, रिषी गुप्ता, परवेज खान, मोहित पुरोहित, नरेंद्र गुप्ता, प्रकाश सिन्हा, आशीष गुप्ता, ईशान शर्मा, मनोज भूतड़ा, जीवन राजपूत, शरद भूतड़ा, राजेन्द्र शर्मा, सुजल शर्मा, सोनल सेन, महेश गुप्ता, दीपक ढीमर, रवि राजपूत, दुर्गेश यादव, बंटी यादव, दुर्गेश राजपूत एवं गंजपारा के सैकड़ों युवा, महिला एवं पुरुष उपस्थित होकर संगीत संध्या में भजनों आनंद लिया।



## सिटी स्पोर्ट्स

### राजनांदगांव की 216 रनों से जीत, हर्ष ने बनाए 79 रन




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 09 फरवरी से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 14 टीमें भाग ले रही है। 25-27 फरवरी श्रृंखला में 3 मैच खेले गये। ग्रुप बी का छठवां तीन दिवसीय मैच राजनांदगांव एवं बस्तर के मध्य कांकेर में खेला गया। बस्तर ने टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। राजनांदगांव ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 69.3 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 300 रन बनाये। राजनांदगांव की ओर से हर्ष साहु ने 128 रन तथा वैदिक मधुकर ने 72 रन बनाये। वहीं बस्तर की ओर से उत्कर्ष ठाकुर ने 6 विकेट तथा पलाश मंडल ने 2 विकेट प्राप्त किये। बस्तर ने अपनी पहली पारी में 32.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर केवल 86 रन बनाये। बस्तर की ओर से अनस खान ने 29 रन तथा उत्कर्ष ठाकुर ने 20 रनों का योगदान दिया। राजनांदगांव की ओर से रोहन टांक ने 5 विकेट तथा उज्जवल दीवान ने 3 विकेट प्राप्त किये। राजनांदगांव ने अपनी दूसरी पारी 37 ओवरों में 8 विकेट पर 184 रन बनाकर घोषित कर दी। राजनांदगांव की ओर से हर्ष साहु ने 79 रन तथा निखिल कनोरिया ने 59 रन बनाये। वहीं बस्तर की ओर से उत्कर्ष ठाकुर ने 3 विकेट तथा पलाश मंडल ने 2 विकेट प्राप्त किये। 399 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बस्तर ने अपनी दूसरी पारी में 65 ओवरों में 10 विकेट खोकर 182 रन ही बना पाई। बस्तर की ओर से उत्कर्ष ठाकुर ने 46 रन तथा सिद्धार्थ नेताम ने 22 रन बनाये। राजनांदगांव की ओर से वैदिक मधुकर तथा हर्ष साहु ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। राजनांदगांव ने मैच 216 रनों से जीत लिया।

### रायपुर जिला अंतर संस्थान टेबल टेनिस स्पर्धा 6 मार्च से



**रायपुर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर की ओर से रायपुर जिला अंतर संस्थान टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 6 मार्च से 9 मार्च तक सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में किया जा रहा है। प्रतियोगिता पुरुष एकल, महिला एकल एवं लक्की युगल वर्ग हेतु कुल मिलाकर 03 वर्गों में आयोजित की जायेगी। जिसमें रायपुर जिले के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, सार्वजनिक संस्थान, प्रतिष्ठित संस्थान, निजी संस्थान के कर्मचारी (सेवानिवृत्त कर्मचारी भी शामिल) एवं प्रोफेशनल्स (सी.ए., डाक्टर, वकील, पत्रकार और प्रशिक्षक आदि) के लिये प्रतियोगिता 06 मार्च को शाम 05.30 बजे से आरंभ की जाएगी। प्रतियोगिता हेतु प्रविष्टि कि अंतिम तिथि 03 मार्च शाम 07.00 बजे तक है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक खिलाड़ी अपना नाम सायं 6 से 7 बजे के मध्य सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में प्रदीप जोशी एवं प्रवीण निरापुरे के पास लिखा सकते हैं। प्रतियोगिता में प्रविष्टि हेतु प्रतियोगी का कर्मचारी अथवा प्रोफेशनल होना अनिवार्य है। प्रतियोगिता लीग पद्धति में आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता का ओपन ड्रा दिनांक 05 मार्च को शाम 07.00 बजे प्रतियोगिता स्थल पर निकाला जाएगा।

### नेशनल सॉफ्टबॉल में दुर्ग के दीपक का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**भिलाई।** शासकीय नवीन महाविद्यालय, रिसाली, दुर्ग के अतिथि क्रीड़ा सहायक दीपक कुमार ने भारतीय सॉफ़्टबॉल संघ के तत्वाधान में महाराष्ट्र एसोसिएशन एवं अमरावती सॉफ़्टबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित 46 वीं सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप 22 से 26 फ़रवरी में छत्तीसगढ़ प्रदेश सॉफ़्टबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से छत्तीसगढ़ दल में हिस्सा लिया। जिसमें पुरुष टीम ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के फ़ाइनल मैच में मध्यप्रदेश को 5-0 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। दीपक कुमार को फ़ाइनल मैच में शानदार प्रदर्शन करने पर मैन ऑफ़ द मैच चुना गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनुपमा अस्थाना एवं परिवार ने दीपक को इस के लिए शुभकामनाएं दी है।

## जानिए हार्टबर्न के लक्षण से लेकर बचाव तक सबकुछ

# 'सीने में जलन' अब शायरी नहीं जिंदगी की हकीकत बन चुकी, अगर है हार्टबर्न की समस्या तो रहें सतर्क



हार्टबर्न एक बहुत कॉमन समस्या है, जिसमें आपके सीने में जलन की दिक्कत होती है। इस बीमारी के नाम में ? हार्टर ? होने के बावजूद यह दिल की बीमारी से संबंधित नहीं है। फिर ये क्या है, आइए जानते हैं।

हृदय रोग की समस्याएं दुनियाभर में तेजी से बढ़ती जा रही हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी आयु वाले इसका शिकार हो रहे हैं। हृदय रोग दुनियाभर में मृत्यु का प्रमुख कारण भी हैं, यही वजह है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को अपने हृदय को स्वस्थ रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहने की सलाह देते हैं। हार्ट अटैक-हार्ट फेलियर और कार्डियक अरेस्ट जैसी हृदय से संबंधित समस्याओं के बारे में आपने जरूर सुना होगा, पर क्या आप हार्ट बर्न के बारे में जानते हैं? जैसा कि इसके नाम से लगता है कि ये समस्या हार्ट से संबंधित हो सकती है, तो क्या ये हृदय की ही समस्या है या फिर कुछ और?

### हार्टबर्न में क्या होता है?

हार्टबर्न का दिल की बीमारियों से कोई संबंध नहीं होता है। हालांकि, इसके लक्षण कई बार हार्ट अटैक से मिलते-जुलते हो सकते हैं, इसलिए इसे नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है। यही कारण है कि इसके लक्षणों की पहचान करना जरूर है।

हार्टबर्न की स्थिति में सीने में जलन या दर्द होना (खासकर भोजन के बाद या लेटने पर) सबसे आम है। इसके अलावा मुंह में खट्टा या कड़वा स्वाद आने, पेट में भारीपन महसूस होने या पाचन की कई अन्य दिक्कतें भी हो सकती हैं।

### हार्ट बर्न होने के क्या कारण हैं और इससे कैसे बचाव करें?



हार्ट बर्न होने की कई वजहें हो सकती हैं। अगर आप ज्यादा तला-भुना या मसालेदार खाना खाते हैं, चाय-कॉफी या शराब का अधिक सेवन करते हैं, खाना खाने के तुरंत लेट जाते हैं तो ये स्थितियां हार्ट बर्न का कारण हो सकती हैं। इसके अलावा मोटापा के शिकार, धूम्रपान की आदत या फिर देर रात भोजन करने की आदत भी हार्ट बर्न की दिक्कत बढ़ा सकती है। हार्टबर्न से बचाव के लिए कुछ उपाय किए जा सकते हैं। हल्का, कम मसालेदार और कम तैलीय भोजन करें। रात को सोने से कम से कम 2-3 घंटे पहले भोजन करें ज्यादा खट्टे और कैफीनयुक्त खान-पान की चीजों से बचें।

### हार्टबर्न के बारे में जानना जरूरी

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हार्टबर्न एक बहुत कॉमन समस्या है, जिसमें आपके सीने में जलन की दिक्कत होती है। इस बीमारी के नाम में ? हार्टर ? होने के बावजूद यह दिल की बीमारी से संबंधित नहीं है। यह समस्या मुख्य रूप से पाचन तंत्र की दिक्कत है, जिसमें पेट में बनने वाले एसिड के कारण आपको सीने में जलन की दिक्कत हो सकती है।

हार्टबर्न तब होता है जब भोजन को आपके पेट तक ले जाने वाली नली (ग्रासनली) में वापस एसिड आने लगता है। कुछ स्थितियों में हार्ट बर्न के कारण सीने में जलन के साथ दर्द की भी दिक्कत हो सकती है।

### सीने में जलन से कैसे पाएं निजात?



स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं वैसे तो कभी-कभी हार्टबर्न होना आम है और चिंता की कोई बात नहीं है। अधिकतर मामलों में जीवनशैली और खानपान में बदलाव करके इससे आसानी से निजात पाया जा सकता है। हालांकि अगर आपको बार-बार हार्टबर्न होता है या इसके कारण आपकी दिनचर्या बाधित हो रही है तो इस बारे में डॉक्टर की सलाह जरूर ले लें।



## बच्चों की ग्रोथ के लिए जरूर कराएं कुछ खास एक्टिविटी

बच्चों की ग्रोथ के लिए आपको कुछ खास एक्टिविटी को उनकी लाइफस्टाइल में एड करना जरूर है। इन दिनों बच्चों की परीक्षाओं का मौसम है इसलिए पढ़ाई-लिखाई तो जरूरी है ही, इसके अलावा छोटे बच्चों को कुछ खास एक्टिविटी करवाते रहना चाहिए। अगर आप अपने बच्चे की ग्रोथ के लिए कुछ खास करना चाहती हैं तो हम आपको बताएंगे कि आप उन्हें कौन- कौन सी एक्टिविटी करवा सकती हैं। इससे उनका मानसिक और शारीरिक विकास काफी अच्छा होगा।

### एक्टिंग सिखाएं

अगर उन्हें एक्टिंग का शोक है तो आपको बचपन से ही उन्हें एक्टिंग सीखना चाहिए। ऐसे में आपके बच्चे बड़े होकर इस छेत्र में अपना करियर बना सकते हैं। बच्चों को हमेशा उनकी रुचि के हिसाब से ही एक्टिविटी करवाना चाहिए।



### कराटे सिखाएं

बच्चों को खुद की सुरक्षा करना आना चाहिए। अगर आप अपने बच्चों को मजबूत बनाना चाहती हैं तो आपको अपने बच्चों को कराटे जरूर सीखाना चाहिए। खासकर लड़कों को कराटे करने का काफी शौक होता है। ऐसे में आपको उन्हें कराटे की क्लास के लिए भेजना चाहिए।

### पेंटिंग क्लास

आप अपने छोटे बच्चों को पेंटिंग की क्लास के लिए भी भेज सकती हैं। लड़कियों को पेंटिंग करने का शोक होता है। अगर वह बचपन से ही इन चीजों की क्लास करती हैं तो वह बड़े होकर अपना करियर भी इस फिल्ड में बना सकती हैं। इसलिए अगर आपके बच्चों को पेंटिंग करना पसंद है तो उन्हें क्लास के लिए जरूर भेजे।

### स्केटिंग क्लास

स्केटिंग क्लास आप अपने बच्चों को करवा सकती है। छोटे बच्चे किसी भी चीज को आसानी से सीख लेते हैं। ऐसे में उन्हें आदत हो जाती है। ऐसे में आपको अपने बच्चों को स्केटिंग क्लास के लिए जरूर भेजना चाहिए।



## घर के पास मंदिर पर जानिए वास्तु का आधार

आपके घर का वातावरण सकारात्मक बनाए रखने के लिए कई कारक जिम्मेदार होते हैं। यदि आप वास्तु के नियमों का पालन करते हैं तो घर में सदैव सौहार्द्र बना रहता है। आइए जानें यदि आपके घर के पास मंदिर मौजूद है तो वास्तु के अनुसार इसका क्या महत्व होता है।

### घर के पास मंदिर होने के फायदे

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर के पास मंदिर होने से घर पर सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है, जिससे परिवार में शांति और समृद्धि आती है। मंदिर से होने वाले नियमित मंत्रोच्चार, आरती और भजन आपके घर के वातावरण को पवित्र बनाते हैं और नकारात्मक ऊर्जा को दूर करते हैं।

### सकारात्मक ऊर्जा का संचार

मंदिरों में नियमित रूप से पूजा-पाठ, मंत्रोच्चार और आरती होती है, जिससे वहां के आस-पास का वातावरण सकारात्मक बना रहता है। यदि आपके घर के पास मंदिर है, तो वहां की पवित्रता और आध्यात्मिक शक्ति घर के सदस्यों पर भी सकारात्मक प्रभाव डालती है। मंदिर की ऊर्जा घर में रहने वाले लोगों को भी प्रभावित करती है और उनकी मानसिक स्थिति अच्छी बनी रहती है।

### घर के पास मंदिर होने से मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति

यदि आपका घर मंदिर के पास है तो ऐसे स्थान पर रहने से व्यक्ति की धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ती है और ध्यान व प्रार्थना के लिए एक पवित्र वातावरण प्राप्त प्राप्त होता है। इससे आपके जीवन में मानसिक शांति बनी रहती है और आध्यात्मिक उन्नति भी होती है।



### नकारात्मक शक्तियों से रक्षा

वास्तु शास्त्र के अनुसार, मंदिरों में नियमित रूप से घंटों की ध्वनि गूंजती है और हवन व यज्ञ होते हैं, जो नकारात्मक शक्तियों और बुरी ऊर्जा को दूर करने में सहायक होते हैं। इस कारण घर के आस-पास मंदिर होना शुभ माना जाता है। जब आपका घर मंदिर के निकट होता है तो इन भजन-कीर्तन और हवन का सुवधा प्रभाव आपके जीवन पर पड़ता है और तन और मन शुद्ध बना रहता है।

### सामाजिक और सांस्कृतिक जुड़ाव

मंदिर सिर्फ पूजा-अर्चना का स्थान नहीं होता है बल्कि यह धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों का भी केंद्र होता है। मंदिर के पास घर होने से व्यक्ति सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहता है और अपने समुदाय से गहरा जुड़ाव महसूस करता है। धार्मिक उत्सवों, सत्संग और अन्य आयोजनों में भाग लेकर आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समृद्धि मिलती है। यह न केवल मानसिक शांति प्रदान करता है, बल्कि सामाजिक सहयोग और मेल-जोल को भी बढ़ावा देता है।

## आपके मस्तिष्क को भी होती है जिम की जरूरत



सेहतमंद रहने के लिए हमें एक्सरसाइज की जरूरत पड़ती है। इसके लिए घंटो हम जिम में पसीने बहाते हैं। एक्सरसाइज करने से फिजिकल स्ट्रैंथ बढ़ता है और भी कई तरह की बीमारियों से बचाव होता है। लेकिन क्या आपको मालूम है कि हमारे मस्तिष्क को भी जिम की जरूरत होती है? जी हां ब्रेन हेल्थ को बूस्ट करने के लिए ब्रेन जिम एक्सरसाइज की जरूरत होती है।आईए जानते हैं क्या होती है यह ब्रेन जिम एक्सरसाइज

### क्या होती है ब्रेन जिम?

हड्डियों को मजबूती देने और मांसपेशियों को टोन करने के लिए जिस तरह से हमें एक्सरसाइज की जरूरत होती है। ठीक उसी प्रकार से ब्रेन के न्यूरॉन को एक्सरसाइज की जरूरत होती है। ब्रेन एक्सरसाइज करने से न्यूरॉन को एक्टिवेट किया जाता है। ब्रेन में ब्लड का सर्कुलेशन सही होता है इससे तनाव, एंजायटी, डिप्रेशन और भी कई तरह की मानसिक समस्याओं से बचा जा सकता है। इससे पॉजिटिव एनर्जी का संचार होता है । आइए जानते हैं कब पड़ती है ब्रेन जिम की जरूरत और यह कैसे किया जाता है।

### ब्रेन जिम की जरूरत कब पड़ती है?

छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा जाना, अकेले रहने का दिल करना, फोकस करने में दिक्कत आना,किसी नई चीज को समझने में दिक्कत महसूस करना किसी नए व्यक्ति से बातचीत करने से कतरना डिमेंशिया और अल्जाइमर से पीड़ित होना।

कार्नर न्यूज

## भोजन को लेकर कई मिथक इन दिनों चर्चा में

फिटनेस इंडस्ट्री में ऐसे कई मिथक फैले हुए हैं, जिन पर लोग आंख बंद करके विश्वास कर लेते हैं। लेकिन इन मिथकों को कई रिसर्च अपने डेटा से नकारते हैं। सबसे पॉपुलर मिथक यह था, कि व्हे प्रोटीन के सेवन से किडनी खराब हो जाती हैं। साइंस ने इस मिथक को नकारा और कहा कि यह झूठ है। हां अगर आप प्रोटीन की जरूरत से अधिक मात्रा लंबे समय तक लेते हैं, तो किडनी पर असर देखने मिल सकता है। न्यूट्रिशन के बारे में भी भारत में कई मिथक फैले हुए हैं। जैसे, सप्लीमेंट से फैट बर्न और मसल्स गेन होता है, रात 8 बजे के बाद कार्बोहाइड्रेट न खाएं,फैट खाने से आप मोटे होते हैं आदि। वहीं वजन कम करने के लेकर भी फिटनेस इंडस्ट्री में कई मिथक फैले हुए हैं। वहीं, काफी सारे लोग रात में खाना खाने/डिनर को लेकर भी कई मिथकों पर विश्वास करते हैं। सबसे पॉपुलर मिथक यह है कि वजन कम करने के लिए रात का खाना नहीं खाना चाहिए। लेकिन यह सिर्फ एक मिथक मात्र है। अगर आप भी डिनर से संबंधित मिथकों को सच मानते हैं, तो नीचे उनकी सच्चाई भी जान लीजिए।

# रात में भोजन नहीं करना माना जाता है स्वास्थ्यप्रद जानिए इससे जुड़े कुछ मिथक और उनकी सच्चाई



### रात में खाना खाने से वजन कम नहीं होता

जनवरी 2021 में पोषक तत्व अध्ययन में पाया गया कि जिन लोगों ने रात का खाना छोड़ दिया था उनका वजन कम होने की जगह बढ़ गया था। उनकी अपेक्षा जिन लोगों ने हल्की मील ली थी, उनका वजन कम हुआ था। इसका मतलब यह है, कि रात का खाना छोड़ने से वजन कम नहीं होता; बल्कि बढ़ सकता है। आपका वजन रात में खाने से नहीं, बल्कि अधिक कैलोरी खाने और गलत खाना खाने से बढ़ता है। इसलिए हमेशा अपनी ओवरऑल कैलोरी इंटेक पर ध्यान दें। क्योंकि आप सोचिए कुछ लोग 5 मील में 1500 कैलोरी लेते हैं तो कुछ 2 मील में भी 1500 कैलोरी लेते हैं। साइंस भी इस बात को नहीं मानता कि रात में खाना खाने से वजन बढ़ता है। हां कुछ तथ्य इस बात को जरूर सच मानते हैं कि जल्दी खाना खाने से डाइजेस्ट सही होता है और मेटाबॉलिज्म भी बढ़ सकता है।



### रात में कार्बोहाइड्रेट नहीं खाना चाहिए

जिम में कुछ कोच लोगों को रात में कार्बोहाइड्रेट न खाने की सलाह देते हैं। उनका मानना होता है, उससे शरीर में फैट बढ़ सकता है।

लेकिन इस बात की सच्चाई यह है कि जब आप कोई बाहर काम कर रहे होते हैं, तो आपको अपनी एनर्जी को पूरा करने के लिए कार्बोहाइड्रेट की जरूरत होती है। इस एनर्जी के लिए रोटी, ओट्स, चावल आदि का सेवन करते हैं। इसलिए एक निश्चित समय के बाद कार्बोहाइड्रेट न खाने की सलाह देना गलत है। रात में रोटी का सेवन किया जा सकता है, लेकिन ऐसे कार्ब का सेवन करें जो जल्दी डाइजेस्ट हो सके।

### रात का खाना जल्दी खाएं

बहुत से लोगों का मानना है कि स्वस्थ रहने के लिए रात का भोजन शाम के 7.00 तक ही कर लेना चाहिए। लेकिन आज शहर की लेट-लतीफी वाली जीवनशैली के कारण अधिकांश लोग रात 11.00 बजे से पहले बिस्तर पर सोने नहीं जाते हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# ऑस्कर की भारत में भी प्रसारण की तैयारी



अकादमी अवॉर्ड जिसे ऑस्कर्स के नाम से जाना जाता है, वह हर साल अमेरिका में होता है। इसका संचालन 'एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट एंड साइंस' की तरफ से किया जाता है। अवॉर्ड शुरू होने की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। इसका प्रसारण जल्द ही लाइव शुरू होने वाला है।

पूरी दुनिया के दर्शक इस अवॉर्ड को देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 97वें अकादमी अवार्ड को जल्द ही ओटीटी पर देखा जा सकेगा। इस बीच, भारत में दर्शक इस प्रतिष्ठित शो को मार्च 2025 में देख सकते हैं।

इस अवॉर्ड को देखने की भारत के दर्शकों के अंदर चाहत है लेकिन यह अवार्ड 2 मार्च 2025 को अमेरिका में होगा। भारत में दर्शक इस प्रतिष्ठित अवार्ड को स्टार मूवीज और जियो हॉटस्टार पर भारत के टाइम के हिसाब से सुबह 5:30 बजे देख सकते हैं। इस प्लेटफॉर्म ने एक्स पर एक पोस्ट साझा की है। इसमें लिखा है कि '97वां अकादमी अवार्ड तीन मार्च को सुबह 5:30 बजे सिर्फ जिओ हॉटस्टार पर लाइव स्ट्रीम होगा।'

इस शो को कॉमेडियन और पोडकास्टर कैनन ओ'ब्रायन होस्ट करेंगे। पिछले साल इस अवॉर्ड को जिम्मी कैमल ने होस्ट किया था। यह अवॉर्ड कैलीफोर्निया के हॉलीवुड में डोलबाई थ्येटर में आयोजित होगा।

### टॉलीवुड

# शेखर कम्मुला की 'कुबेरा' में नजर आएंगे धनुष-नागार्जुन और रश्मिका

धनुष की अगली ऑन-स्क्रीन उपस्थिति 'कुबेरा' में होगी, जिसे शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित कर रहे हैं। घनुष के अलावा टॉलीवुड किंग नागार्जुन भी इस फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते नजर आएंगे। अब तक जारी किए गए पोस्टर और पहली झलक ने दर्शकों के बीच उत्सुकता पैदा कर दी है।



धनुष के प्रशंसक इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और अब रिलीज डेट के आने के बाद धनुष और नागार्जुन के प्रशंसकों का इंतजार बस कुछ ही महिनों का बचा है। ताजा जानकारी के अनुसार, 'कुबेरा' 20 जून, 2025 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में कई भाषाओं में रिलीज होगी। 'कुबेरा' धारावी की पृष्ठभूमि पर आधारित है और यह एक व्यक्ति के गरीबी से अमीरी तक के विकास की कहानी दर्शाती है।

फिल्म 'कुबेरा' की टीम ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए फिल्म का एक पोस्टर जारी किया है, जिसमें धनुष और नागार्जुन एक-दूसरे को घूरते नजर आ रहे हैं। साथ ही इस पोस्टर के साथ लिखा है, ₹शक्ति की कहानी, धन के लिए लड़ाई, भाग्य का खेल। शेखर कम्मुला 'कुबेरा' 20 जून, 2025 से एक आकर्षक अनुभव देने के लिए तैयार है।₹ रिलीज डेट पोस्टर में धनुष, नागार्जुन और बॉलीवुड अभिनेता जिम सभी नजर आ रहे हैं, जबकि बैकग्राउंड में धारावी की झुग्गी बस्ती है। इस फिल्म में धनुष और नागार्जुन के आलावा रश्मिका मंदाना भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। सुनील नारंग और पुष्कर राम मोहन राव श्री वेंकटेश्वर सिनेमा एलएलपी और एमिगोस क्रिएशंस प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले कुबेर को बनाया जा रहा है। वहीं देवी श्री प्रसाद फिल्म के संगीतकार हैं।
-

### भोजपुरी

# गांव के दबंग ठेकेदार के जुल्मों का होगा हिसाब 'गौरी' में, ट्रेलर रिलीज

भोजपुरी सिनेमा की दमदार सुपरस्टार एक्ट्रेस काजल राघवानी की नई फिल्म 'गौरी' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में उनके साथ विराज भट्ट लीड रोल में हैं। करीब साढ़े तीन मिनट का यह ट्रेलर धमाकेदार है, जिसमें एक्शन है, इमोशन है, रोमांस है और इन सब के बीच हैं काजल राघवानी। राम पटेल के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म के रिलीज की तारीख का अभी ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन ट्रेलर ने दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता जरूर बढ़ा दी है।



ट्रेलर की शुरुआत काजल राघवानी और विराज के एक्शन अवतार से होती है। दोनों हमें जूडो-कराटे के दांव पेंच लगाते हुए नजर आते हैं। काजल के किरदार से कहा जाता है कि उसे यह मेहनत करनी ही होगी और अन्याय का बदला लेना होगा। विजेंद्र सिंह ने फिल्म की कहानी लिखी है और इसमें गांव का एक दबंग और खूंखार विलेन है, जो अपने दुश्मनों को सीधे मौत के घाट उतार देता है। वह ठेकेदार भी है और उसके जुल्म से सभी त्रस्त हैं। ट्रेलर में हम आगे देखते हैं कि इस ठेकेदार ने हत्याएं करवाई हैं। उसकी गंदी नजर काजल राघवानी पर भी है और वह उसे पाने के लिए बेहूदगी और दरिंदगी की सारी हदें पार कर जाता है। ट्रेलर में विराज भट्ट और काजल राघवानी पर फिल्माए गए रोमांटिक और झूमने लायक गानों की झलक भी मिलती है, जो एक्साइटमेंट लेवल को और बढ़ा देती है। फिल्म का संगीत मधुकर आनंद ने दिया है। यूट्यूब पर गुरुवार, 27 फरवरी को 'गौरी' का यह ट्रेलर 'वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी' चैनल पर रिलीज किया गया है। फिल्म के प्रोड्यूसर रत्नाकर कुमार हैं।

## स्किनी ट्रेंड

लाइफ स्टाइल

जेन जेड यानि आज की नौजवान पीढ़ी को स्किनी जींस को फिर से ट्रेंड में लाने के लिए अच्छी तरह पहचाना जाता है। जबकि मिलेनियल्स डेनिम में बड़े हुए जो धीरे-धीरे अधिक फिट और क्रॉप्ड होते गए, जैसे-जैसे जेन जेड बड़े हुए, पेंडुलम विपरीत दिशा में घूम गया और इन्होंने बैगी जींस से लेकर कार्गो पैंट तक, लंबे, ढीले आकार के जींस को प्राथमिकता दी। स्टाइलिस्ट और क्रिएटिव डायरेक्टर डैन्युल ब्राउन, जिनके क्लाइंट में मॉडल अमेलिया ग्रे भी शामिल हैं, कहते हैं, ₹स्ट्रीट स्टाइल और रोज़मर्रा के पहनने के लिए (जेन जेड क्लाइंट्स से) ढीले-ढाले और ओवरसाइज़्ड सबसे नियमित अनुरोध हैं।₹





# त्वचा में हो रही है नमी की कमी तो दही से बनें इन फेसपैक को चेहरे पर लगाएं

हर भारतीय घर में दही का इस्तेमाल खाने में किया जाता है। दही खाने से शरीर की कई तरह की परेशानियां दूर होती हैं। इसके अलावा दही खाने के स्वाद को कई गुना बढ़ा देता है। खाने के साथ-साथ दही का इस्तेमाल स्किन केयर में भी किया जाता है। दही के इस्तेमाल से त्वचा पर जो नमी की कमी होती है, वो दूर हो सकती है। इसके साथ ही दही में लैक्टिक एसिड पाया जाता है, जो स्किन पर होने वाली झुर्रियों को भी कम करता है।

हम आपको दही के इस्तेमाल से होने वाले फायदे बताने जा रहे हैं। क्या आप जानते हैं कि दही का इस्तेमाल आप कई तरीके से कर सकते हैं। बहुत से लोगों को इसका इस्तेमाल करना नहीं पता है। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि दही को किन चीजों में मिलाकर आप चेहरे पर लगा सकते हैं, ताकि आपकी त्वचा दमकती रहे और त्वचा पर नमी बरकरार रहे।

### दही और बेसन

एक चम्मच दही में एक चम्मच ही बेसन मिलाकर आप इस पेस्ट को 15 मिनट के लिए अपने चेहरे पर लगाएं। इससे आपके चेहरे पर चमक आएगी और त्वचा में हो रही नमी की कमी दूर होगी।

### दही और चावल का आटा

इस फेस मास्क को बनाने के लिए एक चम्मच चावल के आटे में



एक चम्मच भरकर दही मिला लें। इस पेस्ट को भी आप 15 मिनट के लिए अपने चेहरे पर लगा लें और छोड़ दें। कुछ समय बाद इस पैक को हल्के हाथ से मसाज करते हुए छुड़ा लें।

### दही और तुलसी

7 से 10 तुलसी के पत्ते पीसकर उसमें दही मिलाएं। गाढ़ा पेस्ट बनाकर इसे 15 मिनट के लिए चेहरे पर लगाएं। इसमें पाए जाने वाले एंटीबैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक गुण पिंपल्स और एक्ने का सफाया कर देते हैं।


# स्लिम दिखना चाहती हैं तो कपड़ों का करें सही चुनाव

हर कोई दुबला-पतला और छरहरा दिखना चाहता है। इसके लिए घंटों जिम में पसीना बहाने से लेकर डाइट और न जाने क्या क्या मेहनत करनी पड़ती है। सबसे ज्यादा बुरा तब लगता है जब लड़कियां कुछ ऐसे कपड़े पहन लगती हैं जो उनके शरीर को अधिक मोटा या भद्दा लुक देता है। ऐसे में लड़कियों को ये पता होना चाहिए कि ऐसा क्या पहने जिसमें वह स्लिम ट्रिम दिखें। इस के अलावा अगर आपको कोई शादी पार्टी कुछ ही दिन में अटेंड करनी हो लेकिन आपके पास अपनी बॉडी को शेप देने का समय न हो तो क्या किया जाएं। फिक्र करने की कोई बात नहीं, आपके कपड़ो का सही सिलेक्शन ही आपके शरीर के अधिक चर्बी वाले भाग को इस कदर छिपा सकते हैं जिससे आप पतले और अधिक आकर्षक दिखेंगे। चलिए जानते हैं आपके बॉडी टाइप के हिसाब से क्या पहनें और क्या न पहने। पतले दिखने के लिए क्या पहने लड़कियां?



### बेली फैट हो तो न पहने ये कपड़े

-अगर आपके पेट पर अधिक चर्बी हो यानी आपका टमी बाहर दिखता हो तो साड़ी या लहंगे में आपका बेली फैट साफ नजर आएगा।



-किसी तरह की अधिक टाइट और हॉट ड्रेस भी मोटे व्यक्ति के मोटापे को और अधिक उभार कर दिखाती है। इसलिए ऐसे कपड़ों का चुनाव करें जिन से आपकी बेली फैट छिप जाए।

-बेली फैट की समस्या है तो वेस्ट जींस को भी पहनने से बचना चाहिए। ये आपके पेट की चर्बी को खुल कर दिखाता है।

-बॉडीकॉन ड्रेस भूल कर भी न पहनें।

### पतले दिखने के लिए क्या पहनें लड़कियां

-आप हाई वेस्ट जींस ट्राई कर सकते हैं। इससे आपके पेट की चर्बी छिप जाएगी। इसके अलावा आप लंबी भी नजर आएंगी।

-किसी फंक्शन या पार्टी में आपको एथनिक वियर जैसे लहंगा, साड़ी या सूट पहनने का मन है लेकिन अधिक मोटे दिखने का डर भी है तो आप बॉडी शेपर पहन सकती हैं। इंडियन से वेस्टर्न ड्रेस तक के नीचे बॉडी शेपर मदद करेगा। बॉडी शेपर खरीदते समय इस बात का ध्यान दें कि अपने से छोटे साइज का शेपवियर ना खरीदें।

-चर्बी को छिपाने के लिए आप कैजुअल वियर में फ्लेयर्ड कुर्ती कैरी कर सकती हैं।

-शादी-पार्टी में कुर्ती पहननी हो तो अनारकली मौके और आपके बॉडी शेपर दोनों के लिहाज से परफेक्ट रहेगा।

# स्टाइलिश गॉर्जियस लुक के लिए अपनाएं खुले बालों की हेयर स्टाइल, मिलेगी तारीफ

चाहे आपे बाल लंबे हों या फिर छोटे, खुले बाल (खुले बालों की हेयर स्टाइल) हर तरह से सुंदर ही लगते हैं बस उन्हें थोड़ी स्टाइलिंग की जरूरत होती है। साथ ही आप स्टाइलिंग की मदद से अपने खुले बालों को ज्यादा अच्छे से संवार भी सकती हैं। इन खुले बालों की हेयर स्टाइल को बनाना बहुत ही आसान है और इसे आफ पिन या फिर बिना पिन के भी आसानी से बना सकती हैं। अगर आपके बाल एकदम सीधे हैं और एकदम स्लीक रहते हैं तो खुले बालों का यह हेयरस्टाइल आपके लिए ही। हाफ पोनी में ये एजी और बोल्ड ट्विस्ट आपके बालों को थोड़ा कंटेम्प्ररी लुक देगा और बेहद ही खूबसूरत भी लगेगा। आप इस हेयरस्टाइल को कई अलग-अलग मौकों पर कैरी कर सकती हैं।



कर्ल्स गलोर हेयर स्टाइल के लिए आपको अपने टाइट कर्ल्स को एक्स्ट्रा लार्ज एक्सेसरी के साथ पेयर करना चाहिए क्योंकि इससे आपके बाल हाइलाइटिड और खूबसूरत दिखाई देंगे और साथ ही आपको ओटीटी वाइब भी मिलेगी। ओल्ड स्कूल कर्ल्स के साथ थोड़ी शिमरी एक्सेसरी आपके आउटफिट और आपको ग्लैम लुक देगी। अपने कर्ल्स को खूबसूरत लुक देने के लिए आप हाइलाइटिंग भी कर सकती हैं और यहां आप बालों को हाईलाइट करने का तरीका जान सकती हैं।

# आंखों पर मेकअप करते समय रखें इन बातों का ध्यान, वरना मंडराता रहेगा इंफेक्शन का खतरा

कई बार ऐसा देखा जाता है कि आई मेकअप करते समय लड़कियों की आंखों में आंसू आ जाते हैं। ऐसे में उनकी पूरी मेहनत पर पानी फिर जाता है। अगर आप भी इसी तरह की परेशानी का सामना करती हैं, तो ये खबर आपके लिए है। दरअसल, आंखों का मेकअप करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। अगर इन सावधानियों पर ध्यान ना दिया जाए तो आपकी आंखों में इंफेक्शन की समस्या तक हो सकती है।

### मेकअप करते समय रखें हाईजीन का ध्यान

आई मेकअप करते समय सफाई का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। अगर मेकअप में इस्तेमाल होने वाले प्रोडक्ट को आप साफ रखेंगे तो आपकी आंखें इंफेक्शन से बच सकती हैं।

### हमेशा खरीदें हाइपो-एलर्जेनिक प्रोडक्ट

मेकअप प्रोडक्ट खरीदते समय इस बात का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है कि वो हाइपो-एलर्जेनिक हो। इससे आंखों में एलर्जी होने की संभावना खत्म हो



जाती है।

### मेकअप ब्रश का रखें खास ध्यान

मेकअप करते समय हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि आपका ब्रश या स्पंज साफ-सुथरा रहे। गंदे ब्रश की वजह से चेहरे और आंखों में इंफेक्शन हो सकता है। अगर इससे बचना है तो ब्रश का हमेशा साफ रखना चाहिए।

## कार्नर न्यूज

## नए दौर में सही तरीके से साड़ी पहनना भी एक कला

# साड़ी की प्लीट्स बनाने में होती है ढेर सारी परेशानी तो इन तरीकों को अपनाएं

*साड़ी एक ऐसा परिधान है, जिसे आप किसी त्योहार से लेकर शादी-विवाह तक में पहन सकती हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा महिलाएं साड़ी को ऑफिस और पार्टी में भी पहन जाती हैं। जो अनुभवी महिलाएं होती हैं, उनके लिए साड़ी पहनना काफी आसान होता है, दिक्कत सामने आती है नई पीढ़ी के सामने। दरअसल, युवा लड़कियों को साड़ी पहनना तो पसंद होता है लेकिन उन्हें साड़ी पहनना नहीं आता। साड़ी पहनते वक्त सबसे ज्यादा परेशानी उसकी प्लीट्स बनाने में आती है। दरअसल, अगर साड़ी की प्लीट्स सही ना हों तो ये आपका पूरा लुक खराब कर सकती हैं। ऐसे में लड़कियां साड़ी पहनने से ही कतराती हैं। ऐसे में आपकी परेशानी दूर करने के कुछ तरीके बताने जा रहे हैं।*



### करें बॉडी शेपर का इस्तेमाल

अगर आप साड़ी पहनते वक्त बॉडी शेपर का इस्तेमाल करेंगी तो ये ना सिर्फ आपके लुक को खूबसूरत बनाएगा, बल्कि इसकी मदद से आप आसानी से साड़ी पहन पाएंगी। पेटीकोट की वजह से साड़ी में झोल आने लगता है, वहीं बॉडी शेपर इस समस्या को आपसे दूर रखेगा।

### साड़ी को टकइन करते वक्त रखें इन बातों का ध्यान

साड़ी को टकइन करते वक्त ये ध्यान रखें कि पेटीकोट ज्यादा टाइट नहीं होना चाहिए। अगर ये ज्यादा टाइट होगा तो आप प्लीट्स को सही से अंदर नहीं कर पाएंगी। इतना और ध्यान रखें कि ये ज्यादा ढीला ना हो। ढीली साड़ी टकइन होने पर खुलने का डर रहेगा।

### पहले कंधे के प्लीट्स को बनाएं

साड़ी पहनते वक्त सबसे पहले कंधे के प्लीट्स को बनाएं। ऐसा करने से आपका पल्लु पहले सेट हो जाएगा। इसके बाद आपको लोअर प्लीट्स बनाने में आसानी होगी।

### प्लीट्स बनाने के तुरंत बाद लगाएं पिन

जब आप साड़ी की लोअर प्लीट्स बना रही हों तो पिन को पास में ही रखें। बराबर तरीके से प्लीट्स बनाने के बाद इसे पेटीकोट के अंदर करें और तुरंत पिन लगा लें।